07 मार्च, 2025
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 138

मंईयां के बराबर वृद्ध, दिव्यांग और विधवा को पेंशन देने के मुद्दे पर गरमाया सदन






## पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्या बसु पर केस दर्ज

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने जादवपुर विश्वविद्यालय में हुई झड़पों को लेकर पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्या बसु, उनके ड्राइवर और टीएमसी नेता ओम प्रकाश मिश्रा के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। एफआइआर दर्ज करवाने वाले छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के दौरान बसु की कार से उसे चोट आयीं हैं। बताते चलें कि 1 मार्च को छात्र संघ चुनाव की तारीख घोषित करने की मांग को लेकर विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन हुआ था।

# भाजपा विधायक दल के नेता चुने गये बाबूलाल

- अब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनेंगे
- सदन के भीतर और बाहर दोनों जगह करेंगे काम: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को गुरुवार को झारखंड भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों भूपेंद्र यादव और के. लक्ष्मण के साथ विधायकों की बैठक हुई। इसमें बाबूलाल मरांडी के नाम पर मुहर लगी। इसके साथ ही बाबूलाल मरांडी का अब नेता प्रतिपक्ष बनना तय हो गया। बताते चलें कि बाबूलाल मरांडी धनवार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। वर्तमान में वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी हैं।

**विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा गया पत्र:** भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो को बाबूलाल मरांडी को विधायक दल नेता चुने जाने संबंधित जानकारी दे दी है। विधायक सत्येंद्र तिवारी ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय और केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव व डॉ के लक्ष्मण के हस्ताक्षरित पत्र सौंपा। पत्र में नेता प्रतिपक्ष के रूप में बाबूलाल मरांडी को मान्यता देने का आग्रह किया गया है।

**बाबूलाल को दी बधाई:** बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर पार्टी के विधायकों एवं पदाधिकारियों ने बधाई दी। पार्टी पदाधिकारियों ने माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। बधाई देने वालों में रवींद्र कुमार राय, राकेश प्रसाद, कर्मवीर सिंह, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा समेत अन्य नेता और पदाधिकारी शामिल थे।



## सर्वसम्मति से चुना गया विधायक दल नेता: भूपेंद्र यादव

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय पर्यवेक्षक सह केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी के विधायकदल की बैठक में सर्व सम्मति से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को नेता विधायक दल चुना गया। पार्टी के वरिष्ठ विधायक राज सिन्हा, डॉ नीरा यादव, नवीन जायसवाल और प्रकाश राम ने बाबूलाल के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी का जीवन पार्टी के लिए संघर्षों से भरा है। उन्होंने गांव,गरीब के जीवन में परिवर्तन केलिए लगातार संघर्ष किया है। भाजपा झारखंड निर्माण से लेकर राज्य के सर्वांगीण विकास केलिए समर्पित और संकल्पित है।

## झारखंड के लोगों का ध्यान रखते हुए चयन हुआ: लक्ष्मण

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद के. लक्ष्मण ने कहा कि झारखंड के लोगों का ख्याल रखते हुए ही विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का चयन किया गया है। आदिवासी वर्ग को भी देखते हुए उनका चयन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम पूरे देश में सदन के बाहर और भीतर अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। भाजपा हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखती है।

## पार्टी और संगठन के लिए 24 घंटे काम करूंगा: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वे पार्टी और संगठन के लिए 24 घंटे काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर काम करूंगा। पार्टी के सभी विधायक और पदाधिकारियों के साथ पार्टी को कैसे मजबूत किया जाये, इस पर काम करेंगे। अपनी पूरी क्षमता और पूरी ताकत का उपयोग करूंगा। सबको साथ लेकर चलने का प्रयास रहेगा। सदन में हमारे सभी वरिष्ठ विधायक हैं। उन्होंने कहा कि स्पीकर ने पिछली बार पूरे समय तक नेता प्रतिपक्ष के मामले को लटका कर रखा था। तब भी भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष के बिना ही सदन के भीतर और बाहर अपनी लड़ाई लड़ी। नेता चुने जाने को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत पार्टी के अन्य नेताओं के प्रति अभार व्यक्त किया।

# कल्पना के सवाल का जवाब: अंतरराज्यीय सीमा पर चेक पोस्ट तीन माह में

- कल्पना सोरेन ने ध्यानाकर्षण के जरिये उठाया था मुद्दा, मंत्री दीपक बिरुआ ने दिया आश्वासन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गांडेय की विधायक कल्पना मूर्मू सोरेन ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से गुरुवार को सदन में अंतरराज्यीय बॉर्डर में वाणिज्यिक वाहनों के लिए चेक पोस्ट का मामला उठा। उन्होंने कहा कि पिछले 7-8 सालों से यह बंद है, जिससे राज्य के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री दीपक बिरुआ ने ये प्रावधान 2017 से ही बंद था। आने वाले तीन माह में इसे फिर से शुरू किया जायेगा।

## बजट सत्र : रसोइयों को होली से पहले मिलेगा बढ़ा हुआ मानदेय



रांची (आजाद सिपाही)। राज्य की रसोइयों को होली से पहले बढ़ा हुआ मानदेय मिलेगा। बजट सत्र के दौरान विधानसभा सदन में गुरुवार को मंत्री सुदिव्य कुमार ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में कार्यरत रसोईयों को प्रतिमाह 3000 रुपये का मानदेय मिलेगा। इसका फैसला पहले ही सरकार ले चुकी है। तृतीय अनुपूरक इसके लिए राशि का प्रावधान किया गया है। सरकार की कोशिश रहेगी कि यह राशि रसोइयों को होली से पहले मिले। दरअसल, प्रश्नकाल के दौरान विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये देने और दिव्यांग, रसोइया और सहिया सेविकाओं को केवल 2000 रुपये दिये जाने का मामला उठाया था। मंत्री ने बताया कि पहले 2000 रुपये में केंद्र सरकार का योगदान 600 रुपये और राज्य सरकार का 1400 रुपये था, जिसे हेमंत सोरेन सरकार ने बढ़ाकर 3000 रुपये करने का सराहनीय कदम उठाया है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 80,600 रु./10 ग्राम
चांदी 1,02000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 07 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद भी कम नहीं हैं बाबूलाल की चुनौतियां

## ■ बनेंगे प्रतिपक्ष का नेता, सदन में भाजपा विधायकों को मिलेगा बूस्टर डोज

## ■ मजबूत हेमंत सरकार के समक्ष चुनौती पेश करने की कठिन घड़ी, विधायकों में जोश भरना भी आसान नहीं

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड के पहले मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। झारखंड की छठी विधानसभा में वह नेता प्रतिपक्ष होंगे। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के इस फैसले से जहां बाबूलाल मरांडी को कद के अनुसार पार्टी में सम्मान मिला है, वहीं उन्हें चुनाव में करारी हार के बाद मायूस हो चुके भाजपा समर्थकों और खासकर विधायकों के अंदर उत्साह का संचार करने की चुनौती भी है। चुनौती हेमंत सोरेन सरकार की कई सफल योजनाओं से राज्य के लोगों के बीच मिली अपार सहानुभूति के बीच भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की है। कहीं न कहीं भाजपा के इस फैसले में सही मायने में कई निशानों को एक साथ साधने की कोशिश की गयी है। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद से झारखंड के आदिवासी जिस तरह भाजपा से दूर छिटक गये हैं, उससे पार्टी को 2024 के चुनाव में केवल झेलना ही नहीं पड़ा, बल्कि अब तक की सबसे बड़ी पराजय का सामना भी करना पड़ा। विधानसभा चुनाव से पहले बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, लेकिन चुनाव की पूरी कमान बाहरी नेताओं को सौंप कर आलाकमान ने चूक कर दी थी। चुनाव के दौरान एक तरह से झारखंड के पार्टी नेतृत्व को हाशिये पर धकेल दिया गया था। हालांकि बाबूलाल मरांडी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया, लेकिन इसका सकारात्मक संदेश मतदाताओं में नहीं गया। मतदाताओं में यह भ्रम की स्थिति अंतिम समय तक बनी रही कि अगर भाजपा सफल भी होती है, तो जनता के किये गये वायदे को कौन लागू करेगा। यही कारण है कि भाजपा को चुनावी सफलता नहीं मिली। अब विधायक दल के नेता की जिम्मेदारी सौंप कर पार्टी ने बता दिया है कि वह चुनावी हार को भूल कर आगे की रणनीति बनाने में जुट गयी है। वैसे भी बाबूलाल मरांडी के बारे में कहा जाता है कि वह कर्म पर भरोसा करते हैं और संघर्ष से कभी नहीं घबड़ाते हैं। उनकी गिनती झारखंड के उन गिने-चुने नेताओं में होती है, जिनके दिलो-दिमाग में हमेशा झारखंड और यहां के लोग रहते हैं। अपने राजनीतिक करियर में तमाम उतार-चढ़ाव झेलने के बावजूद उनका संघर्ष का माद्दा आज भी बरकरार है। विचारों में स्पष्टता और लक्ष्य के प्रति उनका समर्पण तमाम लोगों के लिए ऊर्जा कस संचार भी करता है। वह अपनी साफगोई के लिए तो जाने जाते ही हैं, उनका कोई व्यक्तिगत दुश्मन नहीं है, यह सबसे खास बात है। भाजपा के सबसे बड़े आदिवासी नेता के रूप में पहले से ही स्थापित बाबूलाल मरांडी की बात आज भी कार्यकर्ताओं के बीच गौर से सुनी जाती है। राज्य के पहले मुख्यमंत्री के रूप में उनके कामों का आज भी मिसाल दिया जाता है। भाजपा ने ऐसे चेहरे को विधायक दल का नेता बना कर यह संदेश दिया है कि विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद भी भाजपा आदिवासी मतदाताओं से विमुख नहीं हुई है। हालांकि कहा जा सकता है कि बाबूलाल मरांडी के सिर पर कांटों भरा ताज रखा गया है, क्योंकि उन्हें पग-पग पर झारखंड की मजबूत हेमंत सरकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। दूसरी ओर पिछले विधानसभा से खाली पड़ी प्रतिपक्ष के नेता की सीट अब सदन में भरी हुई दिखेगी। संख्या बल में कम होने के बाद भी सदन में भाजपा विधायकों के लिए यह बूस्टर डोज का काम करेगा। सदन में सत्ता पक्ष द्वारा समय-समय पर विधायक दल नेता नहीं होने का ताना अब नहीं सुनना पड़ेगा। बाबूलाल मरांडी को झारखंड में भाजपा विधायक दल की कमान सौंपे जाने से सदन के अंदर और बाहर राजनीतिक असर का आकलन कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह


बाबूलाल मरांडी को झारखंड में भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। वह अब नेता प्रतिपक्ष होंगे और इसके साथ ही झारखंड की छठी विधानसभा के भीतर का परिदृश्य भी अब बदल जायेगा। इस एक घोषणा का झारखंड में कितना इंतजार हो रहा था, इसका पता इसी बात से चलता है कि घोषणा के कुछ ही घंटे बाद इस पर सकारात्मक प्रतिक्रियाओं की बाढ़ सी आ गयी। पिछले साल नवंबर में विधानसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित होने के बाद से भाजपा विधायक दल के नेता के चयन में देरी कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद भाजपा इस पद पर किसी को नहीं चुन रही थी। उसे लोगों के सवालों का सामना भी करना पड़ रहा था।

अब भाजपा ने देर आये दुरुस्त आये के अंदाज में बाबूलाल मरांडी को यह जिम्मेदारी सौंप दी है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले रवींद्र कुमार राय को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बना कर भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी से मुक्त करने का संकेत दे दिया था।

बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बनाये जाने के पीछे का कारण यह बताया जाता है कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद से ही भाजपा इस बात को लेकर चिंतित है कि वह झारखंड में अपनी खोयी जमीन को कैसे हासिल कर सकेगी। राज्य के आदिवासी जिस तेजी से भाजपा से छिटक कर दूर चले गये हैं, पार्टी भविष्य को लेकर बेहद सशंकित है। बाबूलाल मरांडी को विधायक दल की कमान सौंपने के बाद जो सबसे बड़ा और पहला अंतर आयेगा, वह यह कि अब भाजपा कम से कम खुद को प्रतिद्वंद्वियों से आगे नहीं, तो कम से कम उनके बराबर तो मान ही सकती है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार जिस आक्रामक तरीके से काम कर रही है, उसके समक्ष चुनौती पेश करने की कोशिश करेगी।

### अलग किस्म की राजनीति की

बाबूलाल मरांडी ने हमेशा अलग किस्म की राजनीति की है। चाहे कोडरमा के अभ्रक मजदूरों का मामला हो या संथाल के विस्थापितों का, गिरिडीह में उग्रवाद का मुद्दा हो या धनबाद में अपराध का, बाबूलाल मरांडी आंदोलन के लिए पहली कतार में रहे। उग्रवाद के खिलाफ उन्होंने 'टॉर्चलाइट अभियान' चलाया, जिसने नक्सलियों को बुरी तरह नाराज कर दिया। अभियान के तहत बाबूलाल मरांडी ने उग्रवाद प्रभावित गांवों में टॉर्चलाइट बांटना शुरू किया था। इसका नतीजा यह हुआ कि उन्हें अपना जवान बेटा खोना पड़ा।



### हमेशा राजनीति के केंद्र में रहे

बाबूलाल मरांडी के व्यक्तित्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि वह हर परिस्थिति में राजनीति के केंद्र में रहे। इसका मुख्य कारण यह है कि चुनाव हारने के बावजूद उन्होंने जनता से अपना संपर्क जीवित रखा है। लगातार जनता के संपर्क में रहने और पूरे राज्य की यात्रा करने के कारण उन्होंने अपने राजनीतिक वजूद को मजबूत ही किया। बाबूलाल के बारे में कहा जाता है कि वह कभी हल्की बात नहीं करते और बहुत आगे की सोच कर अपनी रणनीति तैयार करते हैं। उनके बारे में यह बात भी मशहूर है कि वह किसी फैसले पर पहुंचने से पहले खूब विचार-विमर्श करते हैं, लोगों के सुझाव सुनते हैं और तब फैसले पर पहुंचते हैं। एक बार फैसला लेने के बाद पीछे नहीं हटते। राजनीति के मैदान में ऐसा कम देखने को मिलता है। बाबूलाल मरांडी सोच-समझ कर अपनी रणनीति बनाते हैं और फिर उस पर अमल करते हैं। वह जो भी मुद्दा उठाते हैं, उसे अंजाम तक पहुंचाने के बाद ही दम लेते हैं। वह यात्राओं और दौरों की मदद से लोगों से सीधा संवाद बनाते हैं। उनके पास झारखंड के विकास का एक विजन है, जिस पर वह काम करते हैं। साफ-सुथरी और स्पष्ट राजनीतिक विचारधारा इनकी खासियत है। एक साधारण सरकारी स्कूल के शिक्षक से सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री का सफर तय करनेवाले बाबूलाल मरांडी के विचारों में यही बारीकी और स्पष्टता उन्हें प्रदेश के दूसरे नेताओं से अलग करती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के निष्ठावान स्वयंसेवक और प्रचारक के रूप में कैरियर शुरू करनेवाले बाबूलाल मरांडी का जीवन कई झंझावातों से गुजरा है।

### शिबू सोरेन से हारे पहला चुनाव

1991 में मरांडी ने भाजपा के टिकट पर दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। 1996 में वह फिर शिबू सोरेन से हार गये। इसके बाद भाजपा ने 1998 में विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। पार्टी ने उनके नेतृत्व में झारखंड क्षेत्र की 14 लोकसभा सीटों में से 12 पर कब्जा कर लिया। उस चुनाव में उन्होंने शिबू सोरेन को दुमका से हरा कर चुनाव जीता था। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उन्हें वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री बनाया गया। 15 नवंबर, 2000 को अलग झारखंड राज्य बनने के बाद एनडीए के नेतृत्व में बाबूलाल मरांडी ने राज्य की पहली सरकार बनायी और करीब 18 महीने तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। इसके बाद उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव में कोडरमा सीट से चुनाव जीता, जबकि पार्टी के अन्य उम्मीदवारों को हार का मुंह देखना पड़ा। मरांडी ने कोडरमा सीट सहित 2006 में भाजपा की सदस्यता से भी इस्तीफा देकर अपनी नयी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा बना ली, जिसमें भाजपा के पांच विधायक पार्टी छोड़ शामिल हो गये। इसके बाद कोडरमा उपचुनाव में वह निर्विरोध चुन लिये गये। कोडरमा सीट से 2009 का लोकसभा चुनाव जीत कर वह एक बार फिर संसद में पहुंच गये।

### लगातार हार भी नहीं तोड़ सकी हौसला

अपनी अलग पार्टी बनाने के बाद बाबूलाल मरांडी को लगातार चुनावी हार का सामना करना पड़ा। 2014 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के आठ विधायक चुने गये, लेकिन बाद में उनमें से छह ने इस्तीफा दे दिया। लोकसभा चुनाव में झाविमो को कोई सफलता नहीं मिल सकी। खुद बाबूलाल मरांडी भी चुनाव हार गये। लेकिन बार-बार की चुनावी पराजय से भी उनका हौसला कम नहीं हुआ। वह हमेशा संघर्ष के रास्ते पर आगे बढ़ते रहे।

### 14 साल बाद भाजपा में वापसी

करीब 14 साल तक अलग पार्टी के माध्यम से राजनीति करनेवाले बाबूलाल मरांडी 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद 17 फरवरी, 2020 को भाजपा में वापस आ गये। पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में उन्होंने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया और खुद पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उसके बाद उन्हें विधानसभा में भाजपा विधायक दल का नेता बनाया गया। उस विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को तीन सीटें मिली थीं, लेकिन दो विधायकों ने बाबूलाल का साथ छोड़ दिया। बाबूलाल मरांडी एक बार फिर राज्य की राजनीति के केंद्र में हैं। भाजपा के सबसे बड़े आदिवासी चेहरे के रूप में उनकी चुनौती कम नहीं है। पार्टी के विधायकों का नेतृत्व करना और उनके भीतर नये तरह का उत्साह पैदा कर विधानसभा के भीतर सत्ता पक्ष के लिए मुश्किलें खड़ी करना उनके लिए इतना आसान नहीं होगा।

---

# झामुमो का राष्ट्रीय महाधिवेशन रांची में 14 और 15 अप्रैल को

**बंगाल, ओड़िशा, तमिलनाडु, बिहार और छत्तीसगढ़ के 3,600 प्रतिनिधि शामिल होंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) अब क्षेत्रीय दल की छवि से बाहर निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की रणनीति बना रहा है। इसी को लेकर 14 और 15 अप्रैल को रांची के खेलगांव में पार्टी का महाधिवेशन आयोजित किया जायेगा। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि इस महाधिवेशन में झारखंड के साथ-साथ बंगाल, ओड़िशा, तमिलनाडु, बिहार और छत्तीसगढ़ के 3,600 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### महाधिवेशन में बनेगी नयी केंद्रीय समिति : विनोद पांडेय

विनोद पांडेय ने बताया कि महाधिवेशन की शुरुआत अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) से की जायेगी। इस दौरान झामुमो की केंद्रीय समिति को भंग कर नयी समिति का गठन किया जायेगा। महाधिवेशन के लिए अप्रैल के पहले सप्ताह में प्रतिनिधियों का पंजीयन और शुल्क जमा करने की प्रक्रिया शुरू होगी।



### सदस्यता अभियान का नया लक्ष्य 60 लाख

झामुमो ने इस बार सदस्यता अभियान का लक्ष्य 60 लाख रखा है, जो पिछले अभियान के 50 लाख से अधिक है। झामुमो महासचिव के अनुसार, पार्टी को लगातार बढ़ता जनसमर्थन मिल रहा है, जिसे देखते हुए इस बार सदस्यता अभियान को और विस्तृत किया गया है।

### संगठनात्मक ढांचे को किया जा रहा मजबूत

झामुमो ने 16 जनवरी से पंचायत समिति से लेकर जिला समिति तक सभी संगठनात्मक इकाइयों को भंग कर दिया था। इसके बाद से नये सिरे से सदस्यता अभियान और संगठनात्मक ढांचे के पुनर्गठन का कार्य जारी है। 31 मार्च तक सभी जिला, ब्लॉक और मंडल कमेटियों का गठन पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। महाधिवेशन के बाद 15 अप्रैल से फिर से नया सदस्यता अभियान शुरू किया जायेगा।

---

# ऑनलाइन गेमिंग में हार गया 9 लाख रुपये, करने लगा चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** ऑनलाइन गेमिंग में पैसे हारने के बाद एक युवक चोरी करने पर उतर गया। मामला बोकारो स्टील सिटी का है। दरअसल ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में एक युवक 9 लाख रुपया हार गया था। इसके बाद युवक चोरी करने लगा। लड़का बोकारो के सेक्टर 1 में रहता है। जिसका नाम सोनू सिंह है। जिसकी सेक्टर 1 मार्केट में एक दुकान भी है। दरअसल सोनू ऑनलाइन गेम में 9 लाख रुपये हार गया था। जिसकी भरपाई के लिए उसने अपने मार्केट में ही स्थित ज्वेलरी की दुकान में चोरी करने की सोची।

### सख्ती से पूछताछ पर संलिप्तता कुबूल की

सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि सोनू ने राम मंदिर मार्केट में स्थित ज्वेलर्स के यहां सेंधमारी कर चोरी की। चोरी के सामान को पुराने फल दुकान में छुपाकर रख दिया ताकि समय आने पर उसे बेच सके। बोकारो एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तात्कालिक कार्रवाई की और एक टीम का गठन किया। मामले की छानबीन के बाद, सोनू की संलिप्तता इस चोरी में सामने आयी, पुलिस ने उसे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार की और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के अधिकारियों के साथ की बैठक

# राजनीतिक दलों के साथ करें बैठक : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया जाना है। उन्होंने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं इआरओ को अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ ससमय बैठक करने का निर्देश दिया। श्री कुमार निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

के रवि कुमार ने कहा है कि नयी दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग की बैठक में विशेष रूप से राजनीतिक दलों का चुनाव से संबंधित विषयों पर बैठक कर प्रतिवेदनों को संग्रहित करने की बात कही गयी है।



उन्होंने कहा कि सभी इआरओ 17 मार्च तक अपने स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते हुए इसका प्रतिवेदन 19 मार्च तक वहीं सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी 22 मार्च तक बैठक करते हुए 25 मार्च तक इसका प्रतिवेदन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। श्री कुमार ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में इन सभी प्रतिवेदनों को संकलित कर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ राज्य स्तर पर बैठक की जायेगी एवं सभी प्रतिवेदनों को संयोजित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग को अंतिम प्रतिवेदन भेजा जायेगा। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, इआरओ गढ़वा संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, इआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.8 °c | 11.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.54 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.06 बजे |



# मंईयां के बराबर वृद्ध, दिव्यांग और विधवा को पेंशन देने के मुद्दे पर गरमाया सदन

## नाराज भाजपा विधायकों ने किया वॉकआउट, सत्ता पक्ष ने कहा- केंद्र सरकार नहीं दे रही अपनी हिस्सेदारी








आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बजट सत्र के आठवें दिन प्रश्नकाल के दौरान मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों की तरह वृद्ध, दिव्यांग और विधवा को 1000 रुपये की जगह 2,500 रुपये देने की भाजपा की मांग पर काफी हंगामा हुआ। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य सहिया को तो सिर्फ 2000 रुपये प्रति माह मानदेय मिलता है। यह सरासर गलत है। काम करने के बावजूद इतना कम मानदेय क्यों। उन्होंने कहा कि अगर मंईयां योजना की लाभुक दिव्यांग या विधवा हो जाये तो क्या उसे 1,000 रुपये दिये जाने लगेंगे।

मामला तब गरमा गया जब इसी से जुड़ा भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो का तारांकित प्रश्न आ गया। सवाल और जवाब के दौरान हंगामा बढ़ता चला गया और जवाब पर असंतोष जताते हुए भाजपा के विधायक वेल में आ गये। पूछने लगे कि दूसरे जरूरतमंदों को मंईयां के समतुल्य राशि मिलेगी या नहीं। यह कहते हुए भाजपा के विधायक सदन से वॉक आउट कर गये।

**किस बात पर गरमाया मामला :** भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो को जानना था कि दिव्यांगजनों को सिर्फ 1,000 रुपये क्यों। ऊपर से चार माह से राशि क्यों नहीं मिली। इसपर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि दिव्यांग पेंशन मद में 18 साल से 79 साल तक के दिव्यांगों को 300 रुपये केंद्र और 700 रुपये राज्य सरकार देती है। जबकि 80 साल से ज्यादा उम्र के दिव्यांगजनों को केंद्र और राज्य सरकार 500-500 रुपये देती है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से जून तक की राशि मिली है। लेकिन राज्य सरकार ने रिवॉल्विंग फंड से दिसंबर तक का भुगतान कर दिया है। राज्य सरकार फरवरी तक का हिस्सा दे चुकी है। इसी बीच बाबूलाल मरांडी ने प्रश्न किया कि दिव्यांग को इतनी कम राशि क्यों। उन्होंने कहा कि बोकारो की एक दिव्यांग ने मैसेज भेजा है कि चार माह से पेंशन नहीं मिला है।

इसपर संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य अपने संसाधनों के अनुसार योजना बनाती हैं। हम दिखवा लेंगे कि यूपी, एमपी, छत्तीसगढ़ में किस तरह की व्यवस्था है। तब इस पर विचार होगा। इस पर नीरा यादव के साथ-साथ नवीन जयसवाल ने कहा कि सिर्फ हां या ना में जवाब दें कि दिव्यांगजनों को मंईयां के समतुल्य पैसा मिलेगा या नहीं।

संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि अफसोस इस बात का है कि राष्ट्रीय विधवा, दिव्यांग पेंशन की राशि 1 अरब 41 करोड़ तो दिलवा दीजिए। इसपर आपत्ति जताते हुए भाजपा के विधायक सदन से वॉक आउट कर गये।

### मंईयां से अन्य पेंशन की तुलना नहीं : चमरा लिंडा



मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि अक्सर यह सवाल उठाया जाता है कि मंईयां सम्मान की लाभुकों की तरह वृद्धों, दिव्यांगों और विधवा को भी राशि क्यों नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मसले पर काफी मंथन हुआ है। मंईयां योजना से उन योजनाओं की तुलना नहीं की जा सकती। क्योंकि मंईयां की राशि से एक परिवार के जीवन में बदलाव आ रहा है जबकि वृद्धा, दिव्यांग पेंशन से व्यक्ति विशेष को लाभ मिल रहा है। आमतौर पर मंईयां की शादी 20-22 साल की उम्र में हो जाती है। वह मां बनती है तो उस पैसे से अपने बच्चे के पोषण का ख्याल रख सकती है। उसे पढ़ा-लिखा सकती है। इससे पलायन रुकेगा। शिक्षा का स्तर सुधरेगा। कुपोषण कम होगा। इसी दौरान उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जब जेल में थे, उसी दौरान यह कान्सेप्ट तैयार हुआ था। इसमें कल्पना सोरेन की बड़ी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन एकल है। मतलब, खैनी-चूना, तंबाकू, चाय, पानी। क्योंकि वृद्ध लाभार्थी अपने पेंशन की राशि से नाती-पोता को भी मदद नहीं करते। जबकि मंईयां अपने बच्चों और परिवार को संभालती हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध, दिव्यांगजनों की पेंशन के मामले में केंद्र और राज्य दोनों की भागीदारी जुड़ी होती है। जहां तक स्वास्थ्य सहिया को 2000 रुपये प्रति माह मानदेय देने की बात है तो यह मामला स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा है लेकिन उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सहिया को अलग से 3000 रुपये का मानदेय मिलता है।

### भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का पक्ष



भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य सहिया को 2000 रुपये प्रतिमाह के अलावा कोई राशि नहीं मिल रही है। मंत्री गलत बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों को मीड डे मिल का संचालन करने वाली महिलाओं को रसोइया के रूप में सिर्फ 3,000 रुपये का मानदेय मिल रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या ये महिलाएं नहीं हैं क्या। इसपर बीच बचाव करते हुए मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि पूर्व में रसोइया को बहुत कम मानदेय मिलता था। उनकी सरकार ने ही मानदेय बढ़ाकर 3000 रुपये किया था। पूर्व में उन्हें सिर्फ दस माह के मानदेय मिलता था जिसे 12 माह किया गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रसोइया की बकाया राशि होली से पहले मिल जायेगी।

### सहिया को सिर्फ 2000 रुपये क्यों : डॉ रामेश्वर



भाजपा विधायक के सवालों का समर्थन करते हुए सत्ता पक्ष के कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव ने भी अपनी ही सरकार से जवाब मांगा। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मंईयां को मदद मिलने से आर्थिक असमानता कम हो रही है। हर घर में पैसे पहुंच रहे हैं। लेकिन यह भी समझना जरूरी है कि काम के बावजूद सहिया को सिर्फ 2000 रुपये क्यों। सरकार को इसपर विचार करना चाहिए। बहस बढ़ने पर संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि केंद्र के सहयोग से चलने वाली कई पेंशन स्कीम मद की राशि कई माह से नहीं मिली है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। नौकरी-व्यापार में उन्नति। |
| वृष | रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी,किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा |
| मिथुन | परिस्थिति में सुधार होगा,बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण,धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी। |
| सिंह | रुका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आशंका। |
| कन्या | नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| तुला | परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग, नौकरी में बदलाव होने की संभावना। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा. |
| धनु | इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय, मन प्रसन्न रहेगा। |
| मकर | आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

# एनपीए खाता धारक किसानों के भी ऋण जल्द माफ होंगे: शिल्पी नेहा तिर्की

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का 4587 करोड़ रुपये का बजट पारित




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अब तक स्टैंडर्ड कृषि ऋण की ही माफी हो सकी है। इसके तहत उन किसानों के ऋण माफ हुए हैं जिन्होंने नियमित ऋण का पेमेंट करते रहे हैं। अब जल्द ही उन किसानों के भी ऋण माफ किये जायेंगे, जिनका खाता एनपीए हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनकी बात हुई है। सहमति बन गयी है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की गुरुवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की अनुदान मांगों पर सदन में हुई चर्चा का जवाब दे रही थीं। इसके अलावा शिल्पी नेहा तिर्की ने कई भावी योजनाओं की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि विभाग अब छोटे छोटे कोल्ड स्टोरेजों के निर्माण पर जोर देगी। साथ ही राज्य में बचे हुए चार जिलों खूंटी, रामगढ़, धनबाद और बोकारो में प्रक्रियाधीन पांच हजार मीट्रिक टन के कोल्ड स्टोरेज का निर्माण जल्द करायेगी। शिल्पी ने कहा कि बड़े कोल्ड स्टोरेज का लाभ किसानों को कम मिल रहा है। क्योंकि कोल्ड स्टोरेज के बहुत दूर होने के कारण वहां तक किसान अपने उत्पाद को नहीं ले जा पाते। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जरूरत के अनुसार बकरी और भेड़ वितरण की नीतियों में भी परिवर्तन किया जायेगा। मसलन पलामू में बकरी की जगह भेड़ वितरण की मांग होती है। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य के अलग अलग जिलों में अलग-अलग तरह के कृषि उत्पादों की बहुलता है। मसलन खूंटी में महुआ अधिक होता है। इस आधार पर जिलों को उनके उत्पाद के अनुसार किसानों को प्रश्रय दिया जायेगा। ताकि वहां किसानों को उसके उत्पादन और मार्केटिंग में लाभ प्राप्त हो सके। शिल्पी ने कहा कि सीमांत किसानों के सामने मुख्य रूप से चार तरह की मुश्किलें होती हैं। समय पर बीज मिले। बीज मिल गया तो वर्षा भी समय से हो। कृषि के लिए ऋण कहां से मिले। फिर उत्पाद हो गया तो उसे अच्छा मूल्य और बाजार उपलब्ध हो। उनका विभाग इन चारों विषयों पर विशेष फोकस कर काम कर रही है।

### विभाग की उपलब्धियां गिनायीं

कृषि मंत्री ने अपने विभाग की कई उपलब्धियां गिनायीं। बताया कि 2020 में जहां प्रतिदिन 1.30 लाख लीटर दूध का उत्पादन होता था आज यह बढ़ कर 2.50 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है। मत्स्य उत्पादन में 10 और पशुपालन में सात फीसदी की वृद्धि हुई है। अब 34-36 फीसदी किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। केवल वर्ष 2024 को छोड़ कर जिसमें विधानसभा और लोकसभा के चुनाव के कारण आचार संहिता लागू था। 16 लाख स्वायल कार्ड का वितरण किया गया। कृषक पाठशाला के जरिए किसानों को नये प्रयोगों को सीखने को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने विभाग द्वारा किये जा रहे दूसरे प्रयासों की जानकारी भी दी। इसके बाद विभाग का 4587 करोड़ रुपये का बजट सदन से पारित हुआ।

## कृषि विभाग के बजट पर चर्चा

### जैविक खेती, उत्पादकता को बढ़ाने पर जोर दें : सरयू राय



रांची। कृषि विभाग के बजट पर चर्चा में जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है। फसलों की पैदावार के संबंध में एक्शन प्लान बने। जैविक खेती, उत्पादकता को बढ़ाने पर जोर दें, जिससे किसान भी लाभान्वित हों। बाजार समितियों को उन्होंने करीब-करीब निष्क्रिय बताया। कृषि के साथ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने को लेकर भी प्रयास करने को कहा।

### ममता कुमारी ने कोल्ड स्टोरेज उपलब्ध कराने की मांग की



ममता कुमारी ने रामगढ़ में कोल्ड स्टोरेज की उपलब्धता कराये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि गोला, दुलमी में इसकी जरूरत है पर किसानों को लाभ नहीं मिल रहा। कई भवन बनकर तैयार हैं तो कुछ अधूरे हैं, ऐसे में जिला प्रशासन या संवेदक की भूमिका तय होनी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार को किसान हितैषी सरकार और केंद्र सरकार को किसान विरोधी बताया। चर्चा में नरेश सिंह, मथुरा महतो, चंद्रदेव महतो सहित अन्य ने भी हिस्सा लिया।

### धान क्रय केंद्र की संख्या बढ़ायें : संजय सिंह यादव

संजय सिंह यादव ने हुसैनाबाद (पलामू) में धान क्रय केंद्र नहीं खुले होने और इसकी संख्या बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि धान की अच्छी खेती होने के बावजूद कृषि को लेकर अच्छी उपलब्धि नहीं है।

### गोदाम निर्माण में संवेदक मनमानी करते हैं : जयराम



जयराम महतो ने कहा कि 4587 करोड़ रुपये का बजट कृषि विभाग का बढ़िया है पर हकीकत है कि एक भी पंचायत राज्य में ऐसी नहीं जो कृषि के जरिये आत्मनिर्भर हो। पैक्स झारखंड सक्षम नहीं हैं। इसे सोलर सिस्टम से कनेक्ट किया जाये। गोदाम निर्माण में संवेदक मनमानी करते दिखते हैं। धरातल पर कृषि विभाग की योजनाएं उतर जाये तो पलायन की समस्या को रोकने में मदद मिलेगी।

### किसानों के लिए हेमंत सरकार मसीहा : सुदीप गुड़िया



चर्चा में भाग लेते हुए सुदीप गुड़िया ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के आने के बावजूद हेमंत सोरेन सरकार ने किसानों को 50 हजार रुपये तक लोन माफी के तहत लाभ दिया। इसके बाद भी यह सिलसिला जारी है। राज्य के किसानों के लिए हेमंत सरकार मसीहा साबित हुई है। राज्य के विकास का पैमाना किसानों की समृद्धि है। समय पर बीज उपलब्ध कराने से लेकर सूखा राहत स्कीम, सीएम पशुधन योजना और दूसरी योजनाओं से किसान लाभान्वित हो रहे हैं। अनंत प्रताप देव ने कहा कि राज्य सरकार दो लाख रुपये तक के लोन माफी का लाभ किसानों को दे रही है पर बैंक लाभ देने में आनाकानी कर रहे। सरकार को बदनाम कर रहे हैं। बैंक और उसकी शाखाओं को किसानों को लाभ देने को कहा जाये ना कि वे बदमाशी करें।

# सहारा इंडिया के निवेशकों का पैसा लाने के लिए अधिकारी भेजेगी सरकार

## प्रदीप यादव ने सदन में उठाया था सवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सहारा इंडिया के निवेशकों के पैसे वापसी का मामला गुरुवार को उठा। पोड़ैयाहट के विधायक और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सदन में इस मामले को उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने इस पर निर्णय दिया है लेकिन दो साल के बाद भी झारखंड के निवेशकों का पैसा नहीं मिला है।

### वित्त मंत्री ने कहा- सेंट्रल रजिस्ट्रार को पत्र लिखा गया है



विधायक प्रदीप यादव के ध्यानाकर्षण पर जवाब देते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन को बताया कि इस संदर्भ में सेंट्रल रजिस्ट्रार को कई बार पत्र लिखा गया। 6 बार पत्राचार किया गया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। वित्त मंत्री ने कहा कि हम फिर पत्र लिखेंगे। हम राज्य के किसी अधिकारी को दिल्ली भेजने की भी तैयारी कर रहे हैं।

# विधानसभा में उठा आउटसोर्सिंग कंपनी की गुंडागर्दी करने का मामला

## स्पीकर ने कमिटी गठित करने की बात कही



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में माले विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने ध्यानाकर्षण में आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा अवैध तरीके से माइनिंग कंपनी द्वारा गुंडागर्दी का मामला उठाया। कई विधायकों ने इसकी जांच विधानसभा की कमिटी से करवाने की मांग की।

**जयराम महतो ने भी की जांच की मांग :** डुमरी के विधायक जयराम कुमार महतो ने भी कहा कि यह मामला भले ही माले के विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने उठाया लेकिन इस समस्या से हर वो विधायक अवगत होंगे जो कोयलांचल इलाके से आते हैं। कंपनी के लोग लठैत रखे हुए हैं। ऐसा लगता है ये लोकतंत्र नहीं लठैत तंत्र है। विधायक ने कहा कि कंपनी खुद को प्रशासन से भी बड़ा मानती है।

विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने इस मामले में कमिटी गठित की बात को स्वीकार किया और कहा कि सदन को सूचित किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार 07 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


## बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाये जाने पर मनोज यादव ने दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** झारखंड में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुना गया। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का अनुभव और नेतृत्व क्षमता भाजपा को और मजबूत बनायेगी। भाजपा ने यह संकेत दिया है कि मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाने से पार्टी को आदिवासी वोट बैंक के साथ-साथ आम जनता का भी समर्थन मिलेगा।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में होगी नयी शुरुआत : अंबा प्रसाद



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** जीडीएम बालिका विद्यालय बड़कागांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 300 स्नातक उत्तीर्ण महिलाओं को पूरी तरह से निशुल्क प्रशिक्षण देने की दिशा में और उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नयी शुरुआत की नींव रखी जायेगी। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक दिन बृहस्पतिवार को बड़कागांव समाधान भवन में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अंबा प्रसाद भी मौजूद रहीं। अंबा प्रसाद ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोड शक्ति प्रोग्राम की शुरुआत होगी इसके साथ ही अंबा नव दृष्टि सहकारिता समिति की स्थापना किया जायेगा, जिससे यह समिति ग्रामीण विकास महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण को बढ़ावा देगा। इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना स्वरोजगार कौशल विकास और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है, ताकि वह समाज और क्षेत्र के विकास में निर्णायक भूमिका निभा सके। अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं से उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए एकजुट होकर एक दूसरे की ताकत बनने और महिलाओं के लिए प्रेरणा बनने की अपील की है। मौके पर मुख्य रूप से जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, मजहर आलम, अरुण रंजन प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गोरहर थाना परिसर में गुरुवार को होली और रमजान को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। संचालन समाजसेवी कुंजलाल महतो ने की। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने होली और रमजान त्योहार लेकर अपना-अपना विचार रखे। इसमें अवैध शराब बिक्री और निर्माण पर रोक लगाने की मांग की। वहीं शराबियों एवं हुड़दंगियों पर विशेष निगरानी रखने की बात अपील की गयी। सभी सदस्यों ने होली एवं रमजान त्योहार को शांति सौहार्द के साथ मनाने का आश्वासन दिया। समाजसेवी नंदलाल मंडल ने सड़क सुरक्षा मानकों पर ध्यान देने एवं सड़क किनारे जमा छाई के उड़ने से परेशान लोगो की आवाज उठायी। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।पुलिस इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी ने कहा कि अवैध शराब कारोबारियों और हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डीजे पर पूर्ण पाबंदी रखने की बात कही। बैठक में प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, थाना प्रभारी सोनू कुमार, एएसआई शिवदत्त त्रिपाठी, एएसआई निरंजन प्रसाद,बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुद्दुश अंसारी, समाजसेवी, टुकलाल नायक, सुनील पांडेय, बासुदेव महतो,श्यामकिशोर सिंह, रमजान मौलवी, बीरेंद्र पांडेय,समाजसेवी अर्जुन राणा, सन्नी नायक,समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, ंदलाल मंडल, सीके पांडेय, राजकुमार गिरी ,सुरेश पांडेय, इशरार अंसारी, रियासत अंसारी, गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल्ह, असमत अली समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी आइटीआइ कॉलेज प्रांगण में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ढेंगा स्थित संचालित एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, बड़कागांव में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2025 (4 से 10 मार्च) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीआइएसएफ यूनिट, एनटीपीसी पीबीसीएमपी के उप कमांडेंट सुरेश गोगुलुथु के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी के प्राचार्य, इंजी मिथलेश उपाध्याय ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2025 की थीम सुरक्षा और कल्याण-विकसित भारत के लिए अनिवार्यऱ निर्धारित की गयी है। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी के सुरक्षा टीम द्वारा सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों के महत्व और सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि सुरेश गोगुलुथु ने उपस्थित प्रशिक्षुओं और स्टाफ को सुरक्षा की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने जीवन में शॉर्टकट तरीकों से बचने, सुरक्षा, प्रोटोकॉल का पालन करने और कार्यस्थलों पर सतर्कता बनाये रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सीआइएसफ इंस्पेक्टर उदय कुमार, एनटीपीसी सेफ्टी अधिकारी अनूप कुमार और आइटीआइ के सभी प्रशिक्षु,संकाय सदस्य, कार्यक्रम एंकर प्रदीप कुमार, सुरक्षा अधिकारी शिवलाल, श्रीनाथ, अमरेश, विकास, उपेंद्र, इरफान, शाहिद, संजीत, प्रदीप, सुनील सिंह, रवि, सभी सफाई कर्मी एवं सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी, जिसमें कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों, व्यक्तिगत सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में सतर्कता बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2025 के अंतर्गत आगामी दिनों में और भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

### शराब कारोबारियों के विरुद्ध चौपारण पुलिस की कार्रवाई

# जावा-महुआ, देशी शराब नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के चौपारण थाना क्षेत्र के भगहर, भंडार एवं परसतारी क्षेत्र में पुलिस निरीक्षक बरही अंचल के नेतृत्व में थाना प्रभारी चौपारण और अपने अन्य पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बलों के साथ अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। अभियान में करीब 17000 किलो अवैध जावा महुआ, 1200 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया जिसे पुलिस ने विनष्ट कर दिया। साथ ही दो दर्जन के करीब अवैध रूप से महुआ शराब बनाने के लिए बने हुए भट्टी को पुलिस बल ने ध्वस्त कर दिया। पुलिस अवैध शराब बनाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर रही है। साथ ही उनपर करवाई की तैयारी कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवलशाही थाना क्षेत्र के मारुती चौक के समीप गुरुवार दोपहर मे अज्ञात वाहन की चपेट मे स्कूटी सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सत्तार अंसारी पिता समीम अंसारी ग्राम पैसरा (खरखार) थाना नवलशाही निवासी के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार व्यक्ति नवलशाही से डोमचांच की ओर जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट मे एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर घायल को अस्पताल भेज दिया।

## ट्रक और बस की टक्कर, चार यात्री घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक के समीप एनएच 20 पर गुरुवार बको एक बस और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गयी। घटना में बस में सवार 4 यात्री घायल हो गये। वहीं ट्रक और बस चालक सहित अन्य यात्री बाल बाल बचे। यात्रियों ने बताया कि राजा डीलक्स नामक बस (डब्लूबी 49 एन 1086) कोलकाता से कौआकोल (बिहार) जा रही कि तभी घाटो (हजारीबाग) से बिहार की ओर जा रही कोयला लदी एक ट्रक ओवरटेक करनी चाही जिससे बस अनियंत्रित हो गयी और ट्रक और बस आपस में टकरा गयी। वहीं ट्रक सड़क के किनारे बने डिवाइडर से टकरा गयी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। इधर पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और घायलों का इलाज करवाते हुए अन्य यात्रियों को दूसरे वाहन से उनके गंतव्य तक पहुंचवा दिया गया।

# मंईयां योजना की तरह दिव्यांग, विधवा और वृद्धों को भी मिले राशि : डॉ नीरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** राज्य में मंईया सम्मान योजना की तरह दिव्यांग, विधवा और वृद्धों को भी 2500 प्रति महीने की राशि मिलनी चाहिए। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने गुरुवार को विधानसभा में इस आशय की मांग करते हुए सवाल किया कि इनसे राज्य की हेमंत सरकार की क्या दुश्मनी है? उन्होंने आरोप लगाया कि दरअसल लोगों को लॉलीपॉप देकर हेमंत सरकार ठगती रही है। सरकार को चाहिए कि मंईया सम्मान योजना की तरह ही सभी दिव्यांग, विधवा और वृद्धों को भी पेंशन का भुगतान करे। एक अन्य मामले में उन्होंने कहा कि जब राज्य की हेमंत सरकार सवालों पर या जनमुद्दों पर जवाब नहीं दे पाती तो सिर्फ केंद्र पर बकाया का भ्रम फैलाती है। यदि बकाया है तो विपक्ष भी साथ देने को तैयार है, पर हकीकत यही है कि पब्लिक सेक्टर उपक्रम पर कथित बकाया को केंद्र पर बकाया बताकर जनता को भरमाने का काम किया जा रहा है। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि झारखंड के विभिन्न विभागों में रिक्त पद घट गये, इस पर भी सरकार जवाब नहीं दे पा रही। इस सत्र में मुखर होकर अपनी बात रखने वाली भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा, डोमचांच और झुमरीतिलैया समेत अन्य जगहों पर पेयजल की आपूर्ति नियमित तौर पर हो, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसको लेकर भी उन्होंने मामला उठाया। वहीं कोडरमा में जेजे कॉलेज से मेघातरी तक फोर लेन सड़क निर्माण के लिए वन विभाग का अनापत्ति पत्र नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ रहा है। इसके लिए भी राज्य सरकार से त्वरित कार्यवायी करने की मांग की गयी है।

# उपायुक्त ने समुदाय संचालित प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा जिला के पलाश (जेएसएलपीएस) के द्वारा कोडरमा सदर प्रखंड अंतर्गत पथलडीहा आजीविका महिला संकुल संगठन स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के अंतर्गत समुदायिक संचालित प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने फीता काट कर किया। उपायुक्त ने समूह की महिलाओं से कोडरमा जिला के जेएसएलपीएस के माध्यम से सभी ट्रेनिंग को अच्छे ढंग से संचालित करने के लिए सुझाव दिया, समूह की महिलाओं को आगे बढ़ने हेतु आश्वासन दिया और भविष्य के किसी तरह का भी सहायता की आवश्यकता हो तो बेझिझक बोल सकते है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग और स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कई योजनाएं संचालित है, जिनका आप सभी दीदियों को प्रशिक्षण के माध्यम से बताया जायेगा ताकि उन योजनाओं का लाभ लें। आप लोगों का स्किल बेहतर बनाया जायेगा। महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जायेगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रंजन के द्वारा समुदायिक संचालित प्रशिक्षण केंद्र के उदेश्यों के बारे में बताया गया। उद्घाटन समारोह में राज्य कार्यालय से मो जाहिद जफर, जिला से जिला प्रबंधक बिनोद राम, उद्योग विभाग से राजीव कुमार सिंह एवं जिला प्रबंधक, समस्त प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, पथलडीहा संकुल से रवि रंजन शर्मा, ऋचा देवी, सदस्य एवं सखी मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## डीडीसी ने मनरेगा आवास योजना की समीक्षा बैठक की

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** कोडरमा सदर प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने प्रधानमंत्री आवास मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक की। इस दौरान केंद्र और राज्य में आयोजित योजनाओं को 20 मार्च और इस सप्ताह में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिले। इसके लिए कर्मियों को बेहतर कार्य करने और समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही। ताकि अंतिम पायदान तक के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री प्लस सवेर्क्षर जो भारत सरकार का 31 मार्च तक निर्धारित किया गया है उसे 20 मार्च तक की सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। वही योजना के तहत कोडरमा प्रखंड में 1091 को अबुआ आवास योजना की पहली किस्त उपलब्ध कराने की बात कही गई। समीक्षा बैठक के उपरांत डीडीसी लोकाई और इंदरवा पंचायत का निरीक्षण करने पहुंचे। वहीं लोकपाल धरणीधर प्रसाद सिन्हा जरगाह, पीएम आवास जिला समन्वयक सोनी कुमार, उत्तरी एवं दक्षिणी बेकोबार परियोजना पत्थलडीहा व लरियाडीह का निरीक्षण किया। बैठक में मनोज कुमार रवि, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश रंजन, प्रखंड समन्वयक आवास प्रियंका कुमारी के अलावा रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जयनगर प्रक्षेत्र के अध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव सुनील सिंह बने



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में क्षत्रिय महासंघ का एक बैठक किया गया। जिसमें चुनाव प्रवेक्षक के रूप में डोमचांच निवासी प्रदीप सिंह के उपस्थिति में जयनगर प्रक्षेत्र से अध्यक्ष डंडाडीह निवासी अशोक सिंह, जयनगर निवासी सुनील सिंह को सचिव एवं कोषाध्यक्ष इंद्रदेव सिंह चुना गया। मौके पर कामेश्वर सिंह, राजेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, राज नारायण सिंह, इंद्रदेव सिंह, मन्नू सिंह, केदार सिंह, महेंद्र सिंह, सकलदेव सिंह, सदानंद सिंह, रामप्रसाद सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, सुरेश सिंह, उमेश सिंह, भानु प्रताप सिंह, अनिल सिंह, बलवीर सिंह, अविनाश सिंह, नागेश्वर सिंह सहित दर्जनों क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद थे।

### किसानों की मेहनत के दम पर खेती का सेंटर बन गया नवादा गांव

# सब्जी उत्पादन के लिए पूरे राज्य भर में हो रहा मशहूर

दीपक सिंह



**हजारीबाग।** जब किसान का हल चला तो नक्सलियों की बंदूकों की आवाजें फीकी पड़ गयी। एक ऐसा गांव, जो कभी लाल आतंक के साये में जीता था, आज खेती-किसानी के दम पर अपनी नयी पहचान बना चुका है। हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड का नवादा गांव, जो कभी हार्डकोर नक्सलियों के लिए सेफ जोन हुआ करता था, आज किसानों की मेहनत के दम पर खेती का सेंटर बन गया है। गांव सब्जी उत्पादन के लिए पूरे राज्य भर में जाना जाता है। टमाटर, खीरा, शिमला मिर्च समेत अन्य फसल यहां बहुतायत में होता है। पहले भी यहां खेती होती थी, लेकिन अब खेती का स्वरूप बदला और व्यावसायिक खेती ने जगह बना लिया। गांव के ही युवा किसान बताते हैं कि लगभग दो दशक पहले तक नवादा गांव नक्सली गतिविधियों के लिए चर्चित था। जैसे ही सरकार ने नक्सलियों पर शिकंजा कसा, किसानों ने भी खेती को अपना हथियार बना लिया। खेती का यह हथियार इतना मजबूत साबित हुआ कि उसने बंदूकों के खौफ को पूरी तरह मिटा दिया। आज गांव के किसान परंपरागत खेती से आगे बढ़कर आधुनिक और व्यापारिक खेती कर रहे हैं। यहां पर 2000 एकड़ से अधिक भूमि पर फसलें लहलहाती हैं। कई दूसरे गांवों के किसान भी नवादा आकर लीज पर जमीन लेकर खेती कर रहे हैं। नवादा गांव में खेती से जुड़े 15 से अधिक बड़े प्लांट स्थापित हैं, जहां रोजाना 30-40 लोगों को रोजगार मिल रहा है। किसान यहां पर सब्जियों के साथ-साथ हाईब्रिड खेती भी कर रहे हैं। दूर-दूर के व्यापारी यहां आकर फसलों की अच्छी कीमत देकर खरीदारी करते हैं। शिक्षा के प्रसार ने गांव के विकास की रफ्तार को और भी तेज किया है। जैसे-जैसे नक्सली गतिविधियां कम हुईं, गांव के लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। बेहतर शिक्षा के कारण युवा गलत रास्तों पर नहीं भटके और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए खेती में जुट गए। इस बदलाव से गांव में आर्थिक खुशहाली आई और जीवन स्तर भी सुधरा।

# झारखंड आंदोलनकारी का धरना आठ मार्च को

**24 मार्च को करेंगे विधानसभा का घेराव, 16 प्रखंडों के प्रतिनिधि लेंगे भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा हजारीबाग के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और जिला महासचिव गणेश कुमार सीटू ने बताया कि 25 फरवरी को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, झारखंड के संपन्न हजारीबाग जिला सम्मेलन के फैसले के आलोक में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानजनक पेंशन देने, पेंशन के लिए जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने, आंदोलनकारियों को राज्य और जिला स्तर पर सम्मानित करने, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा को झारखंड के तमाम जिलों में कार्यालय उपलब्ध करवाने, सरकारी नौकरियों में आंदोलनकारी और उसके परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता देने, आंदोलनकारी को फ्री में बेहतर चिकित्सा लाभ देने, उत्तराखंड एवं छत्तीसगढ़ के आंदोलनकारी की तरह सुविधा देने आदि मांगों लेकर 8 मार्च 2025 को उपायुक्त, हजारीबाग के समक्ष एकदिवसीय धरना देकर उपायुक्त, हजारीबाग के माध्यम से मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार को मांग पत्र दिया जायेगा।

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा अभियान के जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान 2025 को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि यह रथ हजारीबाग जिले में पांच मार्च से 30 अप्रैल तक तिथि वार लगने वाले पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान-2025 को लेकर रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित पंचायत में लगने वाले शिविर में लोगों को सड़क सुरक्षा मानकों की विशेष जानकारी दी जायेगी। इस नेक कार्य को कर रहे सदस्य एवं सभी सहयोगी धन्यवाद के पात्र हैं। रोड सेफ्टी हिट एंड रन के सदस्य सुनील कुमार ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान-2025 को लेकर पंचायत में लगने वाले शिविर में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर सड़क सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। वहीं इच्छुक व्यक्ति अपना-अपना ड्राइविंग लाइसेंस एप्लीकेशन फॉर्म अप्लाई करें एवं दूसरे लोगों को भी शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

## जमीन विवाद में हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जमीन विवाद में टांगी से मारकर हत्या किये जाने के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने आरोपी शाहिद खान (42 वर्ष, जयनगर) को 302 आइपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में अजारूल हक, मकसूद खान, गुलाम मुस्तफा खान, नदीम खान एवं फिरोजा खातून को बरी कर दिया। यह मामला वर्ष 2021 का है। इसे लेकर जयनगर थाना में मृतक की बेटी नगमा बाहर और मृतक की पत्नी परवीन बेगम ने मामला दर्ज कराया था। जयनगर थाना कांड संख्या 86/ 2021 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश की। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 302 आइपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

## स्कूल बस पेड़ से टकरायी, सात बच्चे घायल



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** बरियारडीह मरकच्चो मुख्य दरदाही में एक निजी स्कूल बस गुरुवार को दिन में पेड़ से जा टकराई। बस छुट्टी के बाद बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। हादसे में बस का आगे का शीशा टूट गया। बच्चों में चीख पुकार मच गयी। कई बच्चे सीटों से नीचे जा गिरे। हालांकि हादसे में पांच से सात बच्चे घायल हुए। सूचना के बाद पुलिस और बच्चों के अभिभावक मौके पर पहुंचे। अभिभावक अपने अपने बच्चो को बस से निकालने में लग ओर घायल बच्चे को निजी क्लिनिक लेकर चले गये। जानकारी अनुसार गिरिडीह जिला के घोड़थम्भा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की बस जेएच01 एएल 6555 गुरुवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को छोड़ने के लिए जा रही थी। बस में करीब 70 बच्चे सवार थे। बस स्कूल से बच्चो को छोड़ने के लिए मरकच्चो जा रही थी। गनीमत रही कि इससे बस का सामने बैठे बच्चो को गंभीर चोट नहीं लगी। वही सुमन कुमार वर्मा उम्र 10 वर्ष का माथा फट गया, राज श्री को पैर में गंभीर चोट लगी है, जबकि राज लक्ष्मी के अलावे बस में सामने बैठे कई अन्य बच्चे घायल हुए। बस हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। उन्होंने बच्चों को बस से बाहर निकाला।

## पीएम श्री मध्य विद्यालय में पोशाक वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के पीएम श्री मध्य विद्यालय में पहली एवं दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया गया। इसका नेतृत्व प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने किया।मुख्य अतिथि मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तारणी प्रसाद के हाथों पोशाक बच्चों को दिया गया। मुख्य अतिथि मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि बच्चे हर दिन साफ सुथरा स्कूल पहुंचे एवं विद्यालय में अनुशासन का पालन करते हुए पठन पाठन में ध्यान दें। पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने कहा कि सरकारी विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ स्वादिष्ट भोजन, ड्रेस, जूता मौजा एवं स्वेटर दिया जाता है। इससे बच्चों की समस्याएं दूर हो जाती है। पोशाक वितरण के बाद होली पर्व के अवसर पर पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को पुड़ी, पुआ एवं स्वादिष्ट सब्जी खिलाया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तारणी प्रसाद शिक्षक चेतलाल राम, मिताली कुमारी आदि उपस्थित थे।

# रोड सेल मामले में गिद्दी ए परियोजना में सीबीआइ का छापा, मचा हड़कंप

**कोलियरी पीओ, सुरक्षा अधिकारी, सेफ्टी ऑफिसर, माइनिंग सरदार, कई कर्मचारियों, डीओ होल्डरो, लिफ्टरो, सेल समिति सदस्यो से सीबीआइ अधिकारियों ने बारी-बारी से की पूछताछ, कई पुख्ता सबूत मिलने की चर्चा**



सीबीआइ छापामारी के बाद बरामदे में बैठे कर्मी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिददी।** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सीसीएल गिद्दी ए परियोजना कार्यालय, खुली खदान, रोड सेल कांटाघर में सीबीआई के दल ने गुरुवार 11 बजे छापा मारा। इसके बाद कोलयरी अधिकारियों, कर्मचारियों, कामगारों में डड़कंप मच गया। गिद्दी ए कोलियरी ऑफिस से बाहर निकलने वाले लोगों से पूछताछ, मोबाईल जब्त कर चेक भी सीबीआई के अधिकारियों ने किया। सीबीआई जांच 5 घंटे से भी आगे चल रही है। सीबीआई की करीब 15 सदस्यीय टीम सबसे पहले गिद्दी ए कोलियरी खदान पहुंची, यहां सुरक्षा अधिकारी, पीओ, सेफ्टी ऑफिसर और एक माइनिंग सरदार को लेकर गिद्दी कोलियरी परियोजना ऑफिस पहुंची, यहां सभी अधिकारियों व दर्जनों ऑफिस स्टाफ से ऑफिस के बाहर बरांडे में बैठाकर पूछताछ कर रही थी। बताया जाता है कि बीते एक सप्ताह पहले 27 फरवरी को सीसीएल रेलीगढ़ा परियोजना में सीबीआई के रोड सेल में भ्रष्टाचार कागजी गड़बड़ियां कंटाघर वजन के मामलों को लेकर छापा मारा था। जिसे लेकर गिद्दी ए कोलयरी में भी सीबीआई की टीम घोटाले की जांच करने में जुटी है। सूत्रों की माने तो रोड सेल में 3000 से 3500 रुपये प्रति गाड़ियों से उगाही की जाती थी। जिसके एवज में आरओएम की जगह स्टीम कोयला भी रोड सेल की गाड़ियों में वजन बढ़ाकर करीब 1 टन पंच कर दिये जाते थे, जिससे सीसीएल को प्रतिदिन 5 से 10 लाख रुपये का नुकसान होता है। जिसकी भनक सीबीआई को लग चुकी थी। अपने स्तर से जांच एजेंसी के अनुसंधान करने के बाद आहिस्ता-आहिस्ता अरगड्डा क्षेत्र के घोटालों, भ्रष्टाचार और अधिकारियों के मिली भगत से चूना लगाने के कारनामे को सीबीआई परत दर परत उकरने में लगी है। सूत्रों की माने तो कोलयरी गिद्दी 'सी' में सुरक्षा अधिकारी के मोबाइल जब्त के बाद जांच से कई सफेद पोसो, अधिकारियों, अपराधिक लोगों को पैसों का ट्रांसफर ऑनलाइन किया गया था। इसकी पुष्टि जांच में होने के बाद सीबीआई जांच का दायरा सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में बढ़ता ही जा रहा है। अब देखना होगा कि सीबीआई के जांच में भ्रष्टाचार मामले में कितने अधिकारियों सफेद पोस व अन्य के घोटाले में गर्दन फंसने वाले हैं। वहीं क्षेत्र में भी कामगारों लोगों के द्वारा चौक चौराहों पर सीबीआई की इस प्रकार की कार्रवाई की चर्चा लगातार हो रही है। सीबीआई जांच दल की अगुवाई ज्वाइंट सेक्रेटरी राजीव रंजन कर रहे थे। टीम में अधिकारियों में चंदन सिंह, विमल कुमार सहित दर्जनों अधिकारी शामिल थे। समाचार प्रेषण तक सीबीआई दस्तावेज एवं पूछताछ सीसीएल के परियोजना पदाधिकारी आरके सिन्हा, डिस्पैच अधिकारी अयोध्या करमाली, रुपेश कुमार, शिवनाथ मिश्रा, संचालन समिति के कई लोग डीओ होल्डर, लिफ्टरो से कर रही थी।

## राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह 9 मार्च को



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में 9 मार्च से प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। इस समारोह में 1150 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जायेगी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले समारोह में देश और राज्य के विभिन्न विश्विद्यालयों के पदाधिकारी, शिक्षाविद्, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। समारोह में 2024 तक के सभी उत्तीर्ण पीएचडी ,पीजी, यूजी और वोकेशनल के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जायेगी।**

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव से पुलिस ने दूसरे दिन भी की पूछताछ

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को कोर्ट के आदेश प्राप्त कर दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर बीते रात 9:00 बजे जिला पुलिस के निगरानी में पतरातू थाना लाया गया। बताया जाता है कि गुरुवार को पतरातू थाना परिसर में पुलिस के निगरानी में एटीएस और सीआईडी की टीम कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव से पूछताछ कर रही है। यहां पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ती अपराधी घटनाओं के कई अपराधिक मामलों के संबंध में पूछताछ जारी है। फिलहाल पुलिस द्वारा इस संबंध में कुछ नहीं बताया गया है।

## ट्रक के धक्के से दो मजदूर घायल, रेफर

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के गोला डाक-बंगला के समीप गुरुवार की अहले सुबह चार बजे के करीब साइकिल पर कोयला ले जा रहे दो लोगों को पिछे से एक एलपी ट्रक ने जोरदार धक्का मार दिया। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

## 2.2 किलो अवैध अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



चतरा । चतरा पुलिस ने जिले में नशे के कारोबार पर नकेल कसते हुए एक बड़ी कारवाई किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 2 किलो 2 सौ ग्राम अवैध अफीम बरामद की और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध रूप से अफीम की तस्करी कर रहे हैं। इसी के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाया और संदेह के आधार पर स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (खल02इऋ - 0834) को रोककर तलाशी लिया । इस दौरान बाइक पर सवार के पास से प्लास्टिक की थैली में रखी 2.2 किलो अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 28 वर्षीय दास मुंडा, 27 वर्षीय गसिया मुंडा और 20 वर्षीय सावन टुंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से चार मोबाइल फोन भी जब्त किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अनुसार, आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त थे और अफीम को सप्लाई करने की फिराक में थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। छापेमारी दल में पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि स्कूटी सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घटना ओपी क्षेत्र के रांचीरोड रेलवे ओवरब्रिज के समीप बुधवार की रात की है। जानकारी के अनुसार, मरार निवासी 18 वर्षीय आकाश करमाली पिता मुकुंद करमाली और सोनू यादव स्कूटी संख्या जेएच 09 एए 5653 पर सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान रांचीरोड रेलवे पुल के निकट अज्ञात हाइवा ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया। घटना में आकाश की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि सोनू घायल हो गया।

## झारखंड आंदोलनकारियों को उपलब्ध कराया गया पहचान पत्र, जताया हर्ष



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार ने रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी अंचल अधिकारियों को उनके-उनके क्षेत्र में चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी जिन्होंने झारखंड राज्य के गठन में योगदान दिया है उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को अंचल कार्यालय गोला में चिन्हित 173 में से 32 और अंचल कार्यालय दुलमी में चिन्हित 27 में 15 झारखंड आंदोलनकारियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया। मौके पर पहचान पत्र प्राप्त करने वाले झारखंड आंदोलनकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। डीसी के निर्देश के आलोक में तीव्र गति से जिले के सभी झारखंड आंदोलनकारियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है, शेष बचे झारखंड आंदोलनकारियों को भी जल्द ही पहचान पत्र उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## रामानगर में प्रमोद मेडिकल हॉल का शुभारंभ



**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के रामानगर मरार के पास गुरुवार को प्रमोद मेडिकल हॉल का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ रामगढ़ के चर्चित जेनरल फिजिशियन डॉ चेतन चतुर्वेदी और आयुर्वेदाचार्य डॉ सीएम उपाध्याय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मेडिकल संचालक प्रमोद प्रसाद ने बताया कि हमारे मेडिकल हॉल में सभी प्रकार की दवाई किफायती दरो पर ग्राहकों को उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही, सभी प्रकार के अंग्रेजी और आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध रहेगी। वहीं, मवेशी से जुड़ी दवाइयां भी ग्राहकों को उपलब्ध रहेगी। मौके पर डॉ चेतन चतुर्वेदी ने संचालक को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में मेडिकल हॉल के खुलने से स्थानीय लोगों को दवा की उपलब्धता जल्द ही मिल सकेगा। इससे पूर्व, संचालक प्रमोद प्रसाद और उनकी धर्मपत्नी सोनम देवी ने विधिवत पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सुनील प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद, निवास प्रसाद, देवेंद प्रसाद, महेश प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, त्रिलोकी साव शामिल रहे।

## आजसू पार्टी का होली मिलन समारोह 10 को

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** 10 मार्च सोमवार को समय 12:00 बजे से आजसू पार्टी रामगढ़ जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में मांडू विधानसभा के विधायक तिवारी महतो (निर्मल महतो), रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक सुनीता चौधरी शामिल होंगे। अतः आजसू पार्टी के रामगढ़ जिले के अंतर्गत केंद्रीय कार्य समिति के पदाधिकारी, जिला के पदाधिकारी, प्रखंड के पदाधिकारी नगर परिषद के पदाधिकारी, रामगढ़ नगर के पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि आप सब शामिल होकर होली मिलन समारोह को सफल बनावे।

## संजीवनी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** नॉर्थ करणपुरा एनटीपीसी में आव्हान नीति के तहत संजीवनी अस्पताल में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सीआईएसएफ स्थापना सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजन को लेकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग के सहयोग से किया गया। रक्तदान शिविर की पीएस सिर्जीत, डीसी, सीआईएसएफ, एनकेएसटीपीपी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस सफल आयोजन ने सीआईएसएफ और एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा की सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः प्रमाणित किया। ऐसे कार्यक्रम समाज और सुरक्षा बलों के बीच सहयोग और करुणा की संस्कृति को मजबूत करते हैं।

## आलमनगर बभने में आंगनबाड़ी सहायिका का चुनाव संपन्न



**प्रतापपुर/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम आलमनगर बभने में आंगन बाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी सहायिका का चुनाव गुरुवार को लगभग 3 बजे संपन्न हो गया। यह चुनाव अंचलाधिकारी विकास कुमार टुडु की देखरेख में संपन्न हुआ। अंचलाधिकारी ने बताया कि सहायिका पदों के लिए कई लोगों का आवेदन आया है, जिसमें योग्यता के अनुसार चयन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। इस चुनाव में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आंगनबाड़ी सहायिका का चयन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इस चुनाव के माध्यम से योग्य और समर्पित व्यक्तियों का चयन किया जायेगा, जो की आंगन बाड़ी केंद्रों में काम करेंगे।

## घायल महिला का इलाज के दौरान निधन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना क्षेत्र के तालाटांड़ निवासी गांगी देवी की इलाज के दौरान रांची रिम्स में गुरुवार को मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पतरातू रांची मुख्य मार्ग तालाटांड़ बेती मोड़ के निकट बुधवार को देर शाम मोटरसाइकिल के चपेट में आने से गंभीर रूपसे घायल हो गयीं थी। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गांगी देवी को रिम्स रेफर किया गया था। मौत की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण और मृतक के परिजनों द्वारा रांची पतरातू मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया। मौके पर सीओ मनोज कुमार चौरसिया पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता जाम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीण और मृतक के परिजनों से वार्ता की। वार्ता में सीओ ने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के अनुसार मृतक के परिजनों को सहयोग की जायेगी। उसके बाद सड़क जाम को हटा लिया गया।

## चहारदीवारी गिराने की थाना में शिकायत

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डभातू गांव निवासी किशोर मुंडा ने गोला थाना में आवेदन देकर खाता नंबर 32 प्लॉट 581रकवा चार एकड़ मध्ये 50 डिसमिल रैयती भूमि पर चाहरदिवारी का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान इसी गांव निवासी महरंगी महतो, मनोज महतो, सुनील महतो आकर गली गलोच किया। इसके बाद चाहरदिवारी को धकेल के गिरा दिया। इसके बाद उक्त सभी ने जान से मारने की धमकी भी दिया है। आवेदन की प्रतिलिपि अंचल अधिकारी गोला को भी दी गयी है।

## मांगों को लेकर होगा आंदोलन : संजय मिश्रा

**अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ भुरकुंडा शाखा की हुई बैठक, मेंबरशिप बढ़ाने पर दिया जोर**




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ भुरकुंडा शाखा की गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष रामश्रृठ और संचालन रॉबिन मुखर्जी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सह एसीसी सदस्य संजय मिश्रा उपस्थित है। बैठक में सांगठनिक विस्तार, मेंबरशिप बढ़ाने और विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा की शाखा के पदाधिकारी साथ मिलकर यूनियन को और मजबूत करें। आने वाले दिनों में परियोजना में कुल कर्मचारियों के मांगों के हित में आंदोलन की राजनीति बनायें। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के मांगों के साथ कभी भी समझौता नहीं किया जा सकता। सभी मिलकर मेंबरशिप को बढ़ाने का काम करें। बैठक के दौरान भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी से मेन रोड में पानी का छिड़काव करने और रोड से डस्ट की सफाई करानेकी मांग की गई। बैठक में क्षेत्रीय सह सचिव विकास कांत सिन्हा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य अजीत सिन्हा, शाखा सचिव शैलेंद्र सिंह, रेखा कुमारी, अल्फा नेहा टोप्पो, अरविंद सहाय, उदित प्रसाद, पंकज सिंह, शंभू राजभर, अनिल राय, कृष्ण कुमार, वापी सिंह, सरिता देवी, मनोज सिन्हा, नानू महतो, रामजनम राउत, अनीता देवी, संजय, देव बेदिया, सुकांति, शिवचरण आदि मौजूद थे।

## सदका-ए-फितर प्रति व्यक्ति कम से कम 60 रुपये अदा करें : कलीम

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर के दारूल कजा इमारत शरिया के काजी ए शरीयत कलीम उल्लाह मजहर कासमी ने बयान जारी कर कहा कि सदका-ए-फितर हर ऐसे मुसलमान पर वाजिब है। जिसके पास ईद के दिन असली जरूरत से ज्यादा और कर्ज के अलावा साढ़े सात तोला सोना यानी 87 ग्राम 480 मिली सोना या साढ़े बावन तोला चांदी यानी 612 ग्राम 360 मिली ग्राम चांदी या दोनों को मिलाकर किसी एक की किमत के बराबर हो जाये, तो ऐसे व्यक्ति पर ईद की नमाज से पहले अपनी और अपने नाबालिग बच्चों की तरफ से सदका फित्र निकालना वाजिब है। साहेब ए हैसियत शख्स को चाहिए कि हदीस में जिन अन्य वस्तुओं से सदका-ए-फितर अदा करने का जिक्र किया गया है, उनसे भी अदा करे, ताकि गरीबों का जयादह से ज्यादा फायदा हो।

## श्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक में पोस्टर का हुआ विमोचन

**1 अप्रैल को विशाल मंगला शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर रूप रेखा किया गया तैयार**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ की बैठक गुरुवार को लॅमेरिटल होटल के सभागार में आयोजित की गयीं। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली व संचालन महासचिव विशाल जायसवाल ने किया गय। जबकि, बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रामनवमी पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटू वर्मा उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक में रामनवमी पूजा महासमिति का पोस्टर विमोचन किया गया। साथ आगामी 1 अप्रैल को विशाल मंगला शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर रूप रेखा तैयार किया गया। मौके पर रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने बताया कि 1 अप्रैल को विशाल मंगला शोभा यात्रा की तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा है। इसे लेकर चौके- चौराहा, गली मोहल्लों में बैनर, पोस्टर, भगवान झंडा, स्टीकर लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि रामगढ़ जिले के सभी अखाड़ों एवं पूजा समिति को आमंत्रित कर विशाल मंगला शोभा में शामिल होना का आग्रह किया जायेगा। शोभा यात्रा 11 बजे से सिद्धू कानू, एमएमटी ग्राउंड से आरंभ होकर गोला रोड, चट्टी बाजार, थाना चौक, झंडा चौक, सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल ग्राउंड में समापन किया जायेगा। बैठक में आशीष कुमार सिंहा, गौतम महतो, संदीप महतो, रोहित सोनी आदि उपस्थित थे।

### कृषि और अन्य संबद्ध विभागों के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

# पशुपालन, कृषि, मत्स्य पालन से जुड़े लाभुकों को दें केसीसी का लाभ : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के वैसे किसानों को केसीसी का लाभ मिलना चाहिए, जो पशुपालन, गव्य विकास और मत्स्य पालन से जुड़े हुए हैं। यह बातें गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कही। इस दौरान डीसी ने कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने वर्ष 2024-25 में सभी संबंधित विभागों की योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली और अब तक किये गये कार्यों में व्यय की समीक्षा की। उन्होंने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी परियोजना निदेशक से ली गयी।



**किसानों को जागरुक कर योजना से जोड़ें :** डीसी चंदन कुमार ने किसानों को योजनाओं से जोड़ने व जागरूक करने के लिए परियोजना निदेशक को कृषि मेला आयोजित करने का निर्देश दिया। कृषि योजना के तहत खरीफ फसल योजना 2024-25 में चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियों को योजना पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान मोड में योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने को कहा। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लंबित ई केवाईसी का कार्य तत्काल रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने पीएम किसान योजना के तहत स्वयं से पंजीकरण करने वाले लाभुकों की जांच कर स्वीकृति देने तथा उनका ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**केसीसी का लाभ दिलाने के लिए चलाएं अभियान :** किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ से आच्छादित करने को कहा। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित पशुपालन से जुड़ी अन्य योजनाओं के लाभुकों को केसीसी उपलब्ध कराने को लेकर जिला अग्रणी प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीसी ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में निर्मित कोल्ड स्टोरेज, मिनी कोल्ड स्टोरेज आदि की जानकारी लेने के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी को वर्तमान में कोल्ड स्टोरेज संबंधित कई निर्देश दिया।

## महानगरों में होटल सुविधा मुहैया होना रेल कर्मियों की जीत है : प्रदीप करमाली



प्रदीप करमाली।

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रेल इंप्लाइज यूनियन नेता (इसीआरइयू) सह स्टेशन प्रबंधक प्रदीप करमाली ने प्रेस बयान जारी कर रेलवे इंप्लाइज के प्रति खुशी जाहिर करते हुए बधाई व शुभकामनाएं संदेश दिया है। श्री करमाली ने कहा कि देश के चुनिंदा पर्यटक स्थलों और अन्य महत्तपूर्ण स्थानों में रेल इंप्लाइज के होली डे होम सुविधा के लिए बड़े-बड़े होटल के साथ एमओयू करने का पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विभागीय आदेश जारी हुआ है, जो रेल इम्प्लाइज यूनियन की जीत है। जारी किये गये आदेश में अधिकारियों को मुंबई, वेल्लोर, पोर्ट ब्लेयर, अयोध्या, तिरुपति, शिलांग और धर्मशाला में होटलों की भौतिक स्थिति का निरीक्षण कर एमओयू करने का आदेश जारी किया गया है, जिसमें इसीआरइयू के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता को भी नामित किया गया जो (इसीआरइयू) की संगठनात्मक शक्ति को दर्शाता है।

## 114 आश्रितों के बीच मुआवजा स्वीकृति पत्र का वितरण




**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के तहत विभिन्न घटनाओं में मृत कुल 114 आश्रितों के बीच मुआवजा भुगतान हेतु स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। जिसमें वज्रपात से मृत 33 पशुओं के कुल 19 लाभुकों को 10 लाख 75 हजार रुपया, वज्रपात से मृत 7 व्यक्तियों के आश्रितों के बीच 28 लाख, सड़क दुर्घटना के 27 मृत व्यक्तियों के आश्रितों को 27 लाख, सर्पदंश से मृत 3 व्यक्तियों के आश्रितों के बीच 12 लाख, अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पूर्ण/अपूर्ण कच्चा मकानों की मरम्मति या पुनर्निर्माण हेतु 47 लाभुकों के बीच 8 लाख18 हजार रुपया, अग्निकांड से क्षतिग्रस्त पूर्ण/अपूर्ण कच्चा मकानों की मरम्मति एवं पुनर्निर्माण हेतु 5 लाभुकों के बीच 5लाख 24 हजार रुपया, अग्निकांड में मृत 2 पशुओं के 1 लाभुक को 72 हजार रुपया, मुआवजा भुगतान हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। वहीं प्रतापपुर प्रखंड के हिंदिया कला गांव में उग्रवादी हिंसा में मारे गये दो व्यक्ति के आश्रितों को 2 लाख, लावालौंग प्रखंड ग्राम लावालौंग अंतर्गत उग्रवादी हिंसा में मृत के आश्रित को 1 लाख, टंडवा प्रखंड के ग्राम कोईलड़ा उग्रवादी हिंसा में मृत के आश्रितों को 1 लाख कुल 4 लाख और प्रतापपुर प्रखंड के भरही ग्राम के जेल में 1 मृत व्यक्ति के आश्रितों के बीच मानवाधिकार के तहत 5 लाख रुपया का मुआवजा भुगतान का स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। एक सप्ताह के अंदर कुल 1 करोड़ 89 हजार रुपया लाभुकों के खाते में हस्तांतरित कर दी जायेगी। इस मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे। इस मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# कौन करेगा भरोसा!

रूस के साथ चल रहे युद्ध के खत्म होने में अभी काफी वक्त है, इस बयान के कुछ ही दिनों बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ शर्तों के साथ युद्धविराम की पेशकश की है। युद्ध का रुकना अच्छी बात है, लेकिन यह पेशकश लाचारी में की गयी लगती है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सैन्य मदद रोकने के एलान के बाद जेलेंस्की की ओर से इसका प्रस्ताव आया।

**मजबूरी की पेशकश:** पिछले हफ्ते अमेरिका में जेलेंस्की और ट्रंप की बातचीत हुई थी। इसमें ट्रंप ने यूक्रेन पर एहसान-फरामोशी का आरोप लगाया था। जेलेंस्की की ओर से भी तल्ख बातें की गयी थीं। इसी के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा था कि रूस के साथ शांति में काफी वक्त लगेगा। लेकिन इस पूरे प्रकरण के बाद उन पर ट्रंप के साथ रिश्तों को सुधारने का दबाव था। इस बीच, पिछले सोमवार को ट्रंप ने यूक्रेन को सैन्य मदद रोकने का एलान कर दिया। इसलिए जेलेंस्की का यह कदम मजबूरी में उठाया गया लगता है।

**सुरक्षा गारंटी नहीं:** ट्रंप यह भी चाहते हैं कि अमेरिका ने जो 100 बिलियन डॉलर की मदद दी है, उसके बदले यूक्रेन उसे अपने यहां के रेयर अर्थ मिनरल्स दे। युद्ध रुकने के बाद ट्रंप यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी नहीं देंगे। उनका कहना है कि रेयर अर्थ की माइनिंग के लिए अमेरिकी लोगों के यूक्रेन में होने की वजह से रूस उस पर हमला नहीं कर सकेगा। लेकिन तीन साल पहले जब व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला बोला था, तब भी अमेरिकी कंपनियां वहां काम कर रही थीं।

> यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के साथ युद्धविराम की पेशकश की है, लेकिन यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य मदद रोकने के एलान के बाद मजबूरी में उठाया गया लगता है। ट्रंप यूक्रेन से सुरक्षा गारंटी छोड़कर रेयर अर्थ मिनरल्स की मांग कर रहे हैं, जिससे अमेरिका के सहयोगी देशों के बीच गलत संदेश जायेगा।

**साख गिरेगी:** यूक्रेन को लेकर अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों के बीच भी दूरी बढ़ रही है। ब्रिटेन और फ्रांस ने युद्धविराम के दौरान यूक्रेन में अपनी फौज रखने का वादा किया है, लेकिन अमेरिका की गारंटी के बगैर यह काफी नहीं होगा। बाइडन सरकार ने लोकतंत्र और पुतिन के विस्तारवादी एजेंडे को रोकने के लिए यूक्रेन की मदद की थी। वहीं, ट्रंप ने डिप्लोमेसी को सौदेबाजी में बदल दिया है। इससे अमेरिका के सहयोगी देशों के बीच गलत संदेश जायेगा। आज से पहले अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ खड़ा रहा है, लेकिन यूक्रेन मामले को लेकर ट्रंप का जो रुख है, उसे देखते हुए शायद ही कोई अमेरिका पर ऐतबार करेगा।

**गलत है सोच:** फिर इसकी क्या गारंटी है कि पुतिन यूक्रेन के बाद किसी और देश पर हमला नहीं करेंगे? ट्रंप को यह भी लगता है कि रूस के साथ अदावत खत्म करके वह पूरा ध्यान चीन से मुकाबले पर लगायेंगे। लेकिन इसके लिए उन्हें खासतौर पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोगियों की जरूरत होगी। सवाल यह है कि यूक्रेन को लेकर अमेरिका का जो रुख है, उसे देखते हुए क्या सहयोगी उन पर भरोसा करेंगे?

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज के आधुनिक समय में महिला सशक्तिकरण एक विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां देखो, लोग नारी की चर्चा करते मिलते हैं। कहते हैं, जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। नारी सशक्तिकरण के लिए सबसे पहले जरूरी है नारी के प्रति समाज को जागरूक करना। उन्हें समाज में वह इज्जत दिलानी होगी, जिसकी वह पहले से ही हकदार हैं।**

# तब खुद-ब-खुद तैयार हो जायेगा विकसित भारत का कारवां

शेख तंजीला नाज



**विकसित** भारत का नारा देशभर में गूंज रहा है। इस निमित्त सरकार विकास की अनेक योजनाएं चला रही हैं। सड़क, सफाई, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा आदि क्षेत्रों में लगातार कार्य हो रहे हैं। महिला सशक्तीकरण को लेकर सरकार बहुत गंभीर दिख रही है। ये सभी विकसित भारत की दिशा में सुंदर संकेत दे रहे हैं।

आज के आधुनिक समय में महिला सशक्तिकरण एक विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां देखो, लोग नारी की चर्चा करते मिलते हैं। कहते हैं, जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते है। नारी सशक्तिकरण के लिए सबसे पहले जरूरी है नारी के प्रति समाज को जागरूक करना। उन्हें समाज में वह इज्जत दिलानी होगी, जिसकी वह पहले से ही हकदार हैं। इससे आगे बढ़ें, तो महिलाओं का शिक्षित होना सशक्तिकरण की पहली पायदान है। शिक्षा से ही महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आगे बढ़ पाती हैं।

> आज वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं, बल्कि हर मैदान में अपनी फतह का परचम लहराया है।

सदियों से हम कहते-सुनते आये हैं कि यदि घर-परिवार में एक महिला पढ़ी-लिखी हो, तो उस परिवार के पूरे लोग पढ़ लिख जायेंगे। महिलाओं ने इसे सच करके भी दिखाया है।

सभी जानते हैं कि सदियों पहले, लाखों-लाख महिलाएं ऐसी थीं, जिन्हें पढ़ना-लिखना नहीं आता था। मगर, वे अपने घर-परिवार को पूरी ताकत से और बहुत ही सलीके से संभालती थीं। तब इतने संसाधन भी नहीं थे। फिर भी हर काम वक्त पर और करीने से कर लिया जाता था। बहरहाल, बदलते समय के साथ महिलाएं भी बदलीं। आज वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं, बल्कि हर मैदान में अपनी फतह का परचम लहराया है। चाहे वह खेल का मैदान हो, राजनीति हो, नौकरी, सोशल वर्क, ज्यूडिशियरी या बड़े पद पर आसीन होने के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर भी महिलाएं कई सारी पदों पर विराजमान हैं। मिसाल के तौर पर देखा जाये, तो ग्रामीण महिलाएं सरकार के तमाम योजना से जुड़ कर काम कर रही हैं। आंगनबाड़ी हो या फिर स्वास्थ्य क्षेत्र हो, हर क्षेत्र में इन्होंने परचम लहराया है।

अब हालात के साथ वक्त भी बदल गया है। आज महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं हैं। वो जहाज उड़ाने से लेकर चांद के पार तक सफर कर चुकी हैं और इन सब को करने में सरकार का काफी योगदान रहा है। सरकार ने हर मैदान में महिलाओं को आगे रखा है। कल तक जिसे बहुत कुछ नहीं आता था, आज वो भी एक सफल कार्य कर अपने घरों को चला रही हैं। खास कर देखा जाये, तो बिना पढ़ी-लिखी महिलाएं भी आज एक सफल बिजनेस वीमेन बन कर उभर रही हैं या यूं कहें उभरी हैं, क्योंकि सरकार ने जो भी योजनाएं चलायी हैं, उनमें सबसे ज्यादा भागीदारी महिलाओं की ही रही है, चाहे वो शहरी इलाका हो या ग्रामीण स्तर।



> **ऐसे देखा जाये, तो ग्रामीण महिलाएं आज बहुत ही आगे हैं, क्योंकि वो तरह-तरह के रोजगार से जुड़ कर अपनी आजीविका चला रही हैं। और ये तमाम बातें हमें विकसित भारत की ओर ले जा रही हैं। हमारे सपने साकार हुए हैं। केंद्र और राज्यों की सरकारों ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अच्छे कदम उठाये हैं। सरकारी योजनाओं से उन्हें लगातार लाभान्वित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा ऋण, उज्ज्वला योजना समेत अन्य कई योजनाएं इस बाबत उल्लेखनीय हैं। ये सभी स्वागत-योग्य कदम हैं।**

ऐसे देखा जाये, तो ग्रामीण महिलाएं आज बहुत ही आगे हैं, क्योंकि वो तरह-तरह के रोजगार से जुड़ कर अपनी आजीविका चला रही हैं। और ये तमाम बातें हमें विकसित भारत की ओर ले जा रही हैं। हमारे सपने साकार हुए हैं। केंद्र और राज्यों की सरकारों ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अच्छे कदम उठाये हैं। सरकारी योजनाओं से उन्हें लगातार लाभान्वित किया जा रहा है। महिलाओं के लिए मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा ऋण, उज्ज्वला योजना समेत अन्य कई योजनाएं इस बाबत उल्लेखनीय हैं। ये सभी स्वागत-योग्य कदम हैं। लेकिन विकसित भारत की राह हमारी तब और आसान हो जायेगी, जब गरीबी-बेरोजगारी के खिलाफ भी राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जायेगा। यह अत्यंत आवश्यक है।

रोजी-रोटी की समस्या सुलझती रहे, तो हमारा कार्य और सुगम हो जायेगा। इन सबके बीच जो सबसे आवश्यक बिंदु है, वह है सौहार्द का सशक्तिकरण। प्रेम और भाइचारे को मजबूती देकर ही यह संभव है। पूरी दृढ़ता के साथ कहा जा सकता है कि जब सौहार्द का सशक्तिकरण हो जायेगा, विकसित भारत का कारवां तब खुद-ब-खुद तैयार हो जायेगा।

**(लेखिका रांची स्थित वरिष्ठ पत्रकार हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# व्यापारी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों एएसएल मोटर्स के मालिक दिलीप गोयल के कंपनी को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी गई।एसएसपी किशोर कौशल ने बताया आरोपी की पहचान राहुल तिवारी उर्फ राहुल पारीख के रूप में हुई है। जो पूर्व में श्री गोयल की कंपनी में कार्यरत था। उसने धन उगाही के उद्देश्य से यह धमकी दी थी। राहुल ने स्वयं को बचाने के लिए अपने एक परिचित का मोबाइल फोन उपयोग कर 4 मार्च की रात 9:24 बजे धमकी भरा कॉल किया था। कॉल के बाद उसने मोबाइल से उस नंबर को डिलीट कर दिया था। टीएसपी कुमार शिवाशीष के नेतृत में पुलिस टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उस मोबाइल को भी जब्त कर लिया।जमशेदपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से शहर के व्यवसायियों व नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# युवक का शव मिलने से लोगों में आक्रोश, सड़क जाम कर किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** बीते दिनों कपाली थाना अंतर्गत कमारगोडा में 20 वर्षीय शिवम सिंह का शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगो ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोनारी कांदरबेड़ा मुख्य मार्ग में टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जिससे क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया।वही सूचना मिलने पर पहुची पुलिस आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर यातायात बहाल करने के प्रयास में लगे रहे। उधर स्थानीय लोगो का कहना था शिवम सिंह झारखंड क्षत्रिय संघ सोनारी इकाई के उपाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह के भतीजा था। कमारगोडा-कपाली मोड़ के पास शव मिलने की सूचना मिला था। शिवम सिंह के गर्दन समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट के निशान पाये गये। सूचना मिलने पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को सूचित किया।मृतक के परिजनों ने बताया शिवम सिंह का कपाली निवासी एक युवक से विवाद हुआ था। बाद में वह दोस्त बन गया था। घटना की रात शिवम उसी युवक के साथ निकला था और घर नही लोटा।बादमे सूचना मिली उसका शव बरामत हुआ।सूत्रों की माने तो शिवम सिंह की हत्या के आरोपी आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। फिलहाल जिला प्रशासन ने आम लोगो को शांति बनाए रखने व कानून व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

# बोड़ाम और पटमदा में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधानसभा क्षेत्र बोड़ाम और पटमदा प्रखंडों में सिंचाई सुविधाओं की कमी पर चिंता व्यक्त की। गुरुवार को विधायक ने सरकार से अनुरोध करते हुए चांडिल डैम से अंडरग्राउंड पाइपलाइन (युजीपीएल) के माध्यम से क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया। ताकि किसानों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

## जमशेदपुर रेड पॉज रेस्क्यू फाउंडेशन का पांचवां 'फीड द स्ट्रे' अभियान 9 को

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर रेड पॉज रेस्क्यू फाउंडेशन के द्वारा आगामी 9 मार्च को 5वें फीड द स्ट्रे अभियान का आयोजन किया जायेगा। गुरुवार को इसकी जानकारी अनीज पटेल ने दी। उन्होंने बताया 9 मार्च को आयोजित अभियान के दौरान शहर के आवारा कुत्तों, बिल्लियों, गायों, बैलों और अन्य निराश्रित जानवरों को भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। आगामी 9 मार्च को बिस्टुपुर डायमंड पार्क के पास सुबह 7:30 बजे हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। इस अभियान में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान की जायेगी। उन्होंने शहर के पशु प्रेमिओ से इस महत्वपूर्ण पहल पर समाज में पशु कल्याण व जागरूकता बढ़ाने में मदद करने की अपील की।

## होली और रमजान में विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए बैठक

**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में होली एवं रमजान के मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि आगामी 14 मार्च को होली है तथा उससे पूर्व 13 मार्च को होलिका दहन होगा। साथ ही, अभी मुस्लिम समुदाय का रमजान महीने में रोजा भी चल रहा है। उक्त के संदर्भ में उपायुक्त ने सभी अनुमंडलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर सारी गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं आयोजन दिवस से पूर्व सभी स्थानों का भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि इस दौरान पदाधिकारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ ही स्थानिक जन प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद करने को कहा। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारियों के साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी/ थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप ग्रुपों में प्रसारित होने वाली सूचनाओं तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का अनुश्रवण करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को सभी स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील रखने, एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ ही चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को नियमित रूप से सभी होटल, मिठाई दुकानों आदि की गहन जांच करने का भी निर्देश दिया।

# बाबूलाल को विधायक दल का नेता चुने जाने पर महानगर अध्यक्ष ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर पूरे प्रदेश में हर्ष और उत्साह का माहौल है। गुरुवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा बाबूलाल मरांडी न केवल एक कुशल संगठनकर्ता व अनुभवी राजनेता हैं बल्कि वे झारखंड की माटी के एक सच्चे सपूत भी हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। श्री ओझा ने विश्वास जताया बाबूलाल मरांडी के मार्गदर्शन में पार्टी प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा के लिए सदन से सड़क तक संघर्ष करेगी। साथ ही एक जागरूक और प्रभावी विपक्ष की भूमिका निभायेगी।

# जोहार ट्रस्ट और आदिवासी हो समाज महासभा का राष्ट्रीय मागे पर्व आज से

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर गोपाल मैदान में जोहार ट्रस्ट व आदिवासी हो समाज महासभा का तीन दिवसीय (7 मार्च से 9 मार्च) राष्ट्रीय मागे पोरोब एवं जोहार नाईट कार्यक्रम शुक्रवार शाम 5 बजे से शुरूआत होगी। जोहार ट्रस्ट के सचिव दुर्गा चरण बारी ने बताया महोत्सव की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी पारंपरिक गीत, संगीत, नृत्य एवं खेलकूद की प्रस्तुतियाँ देंगे। मागे पर्व झारखंड,ओडिशा और पश्चिम बंगाल के हो जनजाति का एक प्रमुख पारंपरिक पर्व है। जो मानव उत्पत्ति और सृष्टि की रचना के प्रतीक है। इस महोत्सव का उद्देश्य आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और कला को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन गोपाल मैदान में 7 मार्च को शाम 5 बजे भव्य रूप से किया जायेगा। इस अवसर पर 11 राज्यों से आए आदिवासी नृत्य दलों की प्रस्तुतियां होंगी। 8 मार्च को 'मागेसुसुन' प्रतियोगिता और मेगा आर्ट फेस्टिवल का आयोजन होगा। जिसमें 2000 से अधिक छात्र भाग लेंगे। 9 मार्च महोत्सव के अंतिम दिन 'बिगेस्ट डांस चैलेंज' का ग्रैंड फिनाले आयोजित होगा। जिसमें बॉलीवुड व झारखंड के जनजातीय सिने कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। उन्होंने समाज के लोगो को ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होकर विशाल कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## अबुआ बजट उम्मीदों से बढ़कर : आफताब आलम



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पेश किया। जो झारखंड का अब तक का सबसे बेहतर और सराहनीय बजट रहा। अबुआ बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, ग्रामीण विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देता है। बातचीत के क्रम में जिला उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा के आफताब आलम ने आजाद सिपाही को बताया कि हेमंत सोरेन सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी, सामाजिक रूप से सशक्त, मानसिक रूप से सजग और विकसित बनाने के लिए मंईयां सम्मान योजना दिया है, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाये कम है। इस बजट की सभी वर्ग धर्म संप्रदाय के लोग प्रशंसा कर रहे हैं। महिला,व्यवसायी,छात्र और किसानों को यह बजट विशेष रूप से मजबूत करने का काम करेगा।

# छात्रों का आरोप, साइकिल के नाम पर शिक्षक वसूलते हैं मोटी रकम

**साइकिल दिलवाने के नाम पर हेडमास्टर साहब ने छात्रों से सचिव साहब का और अपना पाकिट खर्चा मांगा : छात्र धर्मजीत कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** छात्रों को मिलने वाली सरकारी साइकिल योजना बना पैसा वसूल योजना साइकिल देने के बदले शिक्षक वसूलते है मोटी रकम। इसका खुलासा सगमा प्रखंड कार्यालय से साइकिल लेकर लौट रहे छात्रों द्वारा किया गया। गुरुवार के दिन दुसैया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र प्रखंड कार्यालय से साइकिल लेकर घर जा रहे थे, उसी समय सगमा ब्लॉक मोड़ के पास साइकिल लेकर आ रहे छात्रों की मुलाकात मीडिया कर्मियों से हो गया। मीडिया कर्मियों ने पूछा की आप लोग किस विद्यालय में पढ़ते है, इस पर छात्रों ने कहा कि हम सभी उत्तक्रमित मध्य विद्यालय दुसैया के वर्ग आठ में पढ़ते है। फिर मीडिया कर्मियों ने सवाल किया कि साइकिल लेने के लिए पैसा भी देना पड़ता है क्या? इस पर साइकिल लिए छात्रा अनिता कुमारी, गुलाम सर्वर, हजरत अंसारी, धर्मजीत कुमार तथा जहरून खातून ने बताया कि इसके लिए हेड गुरुजी पंकज कुमार राय को दो सौ से तीन सौ रुपये दिये हैं तब जाकर हम लोगों को साइकिल मिला है। यह घटना तो उदाहरण के लिए है। इसी तरह प्रखंड के सभी विद्यालय में साइकिल के बदले पैसा वसूली का खेल चल रहा है। मीडिया कर्मियों ने दूरभाष के माध्यम से प्रखंड सिक्षा पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी से पूछा तो उन्होंने कहा कि साइकिल सरकार के द्वारा मुफ्त दिया जाता है, इसमें किसी प्रकार का पैसा वसूल करना कानून के विपरीत है इसकी सूचना अभी मिला है। इसकी जांच किया जायेगा। सच्चाई मिलने पर दोषी पाये गये शिक्षकों पर कार्रवाई कर दंडित किया जायेगा।

वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इस संबंध में कैशर राजा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब इस तरह का मामला है, तो जांच किया जायेगा और जांच के उपरांत दोषी पाये जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई किया जायेगा।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने कहा कि झारखंड में हर स्तर पर घूसखोरी का खेल चल रहा है, अब विद्या के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय भी अछूता नहीं रह गया। पैसा वसूलने वाले शिक्षकों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाना चाहिए।

इधर इस संबंध में हेडमास्टर पंकज कुमार राय से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जो आरोप मेरे उपर पैसा लेने का लगाया जा रहा है वह गलत है।

# मरांडी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर सत्येंद्र तिवारी ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने आज प्रदेश कार्यालय रांची में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर उन्हें बधाई दी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

श्री तिवारी ने कहा कि बाबूलाल जी झारखंड के लोकप्रिय नेता हैं। उनको विधायक दल का नेता चुने जाने से अब झारखंड विधानसभा में भी राज्य की जनता की आवाज को मजबूती मिलेगी। विधायक ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के चयन से कार्यकताओं में काफी खुशी है। राज्य में भाजपा को मजबूती मिलेगी। भाजपा के लोग सड़क से सदन तक राज्य हित में संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिले सत्येंद्र तिवारी, भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने संबंधित पत्र सौंपा



गढ़वा। विधायक सह सभापति सत्येंद्र नाथ तिवारी ने गुरुवार को विधान सभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो से उनके कांके स्थित आवास पर मुलाकात की और बाबूलाल मरांडी के भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने संबंधित पत्र सौंप कर मरांडी को प्रतिपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने की मांग की। गढ़वा विधायक के पत्र देने के बाद विधान सभा अध्यक्ष ने जल्द से जल्द श्री बाबूलाल जी को प्रतिपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने से संबंधित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# विधायक अनंत प्रताप देव ने सदन में उठाया केहूनिया नाला का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित केहूनिया नाला सिंचाई योजना का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। इसको लेकर विधायक अनंत प्रताप देव काफी गंभीर है। गुरुवार को विधानसभा के चालू सत्र के दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने जोरदार तरीके से इस मुद्दे को उठाया। मामला विधानसभा में विधायक द्वारा उठाये जाने से उसके पूरा होने की उम्मीद जगी है। तारांकित प्रश्न में विधायक ने बताया कि केहूनिया नाला पर डैम का निर्माण कार्य 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने के कारण योजना वर्षों से लंबित है। उन्होंने सदन में बताया कि केहूनिया नाला के पश्चिमी भाग का डायवर्सन का कार्य के साथ दो जगह पर नहर की खुदाई और चार जगहों पर पुल का निर्माण कार्य सहित अन्य अधूरे कार्य हैं। उन्होंने सदन को बताया कि केहूनिया नाला डैम के निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं होने के कारण प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों के खेत सिंचाई के लाभ से वंचित रह गये हैं। विधायक के सवाल पर सरकार के अवर सचिव की ओर से मामले पर कार्रवाई को लेकर जल संसाधन विभाग विभाग के अभियंता प्रमुख को निर्देशित किया गया है। उधर केहूनिया नाला से संबंधित मामले को सदन में उठाये जाने पर प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने विधायक के प्रति आभार जताया है। उन्होंने बताया कि यह योजना स्थानीय किसानों के लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा। उसके बाद भी जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह अधूरा पड़ा रहा। अब अधूरे सिंचाई योजना को पूरा होने की उम्मीद बढ़ी है।

# कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 9 को

आजाद सिपाही संवाददाता



अध्यक्ष मंसूर आलम का फाइल फोटो

**डंडई।** प्रखंड के रारो मदरसा मैदान में आयोजित झारखंड प्रीमियम लीग कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 9 मार्च को खेला जायेगा। इसकी जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष मंसूर आलम व सचिव जमील अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि पहले सेमीफाइनल मैच में खरदाहा की टीम ने लवाही को हराकर फाइनल में अपना जगह बनाया। इसी तरह दूसरे सेमीफाइनल में छतरपुर की टीम ने मकरी को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। फाइनल मुकाबला मकरी व बौलिया के बीच खेला जायेगा। बताया कि फाइनल के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव व झामुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य ताहिर अंसारी होंगे जबकी विशिष्ठ अतिथि दीपक प्रताप देव होंगे। उन्होंने खेल प्रेमियों से अनुरोध किया है कि फाइनल मैच के दिन मैदान में पहुचकर खेलाड़ियों का हौसला अफजाई करें।

# कांडी में किसान गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांडी।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण गढ़वा के आदेश पर आत्मा से सहायक अनुदान योजना के तहत मझिगावां पंचायत भवन के सभागार में मंगलवार को प्रक्षेत्र दिवस किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कांडी प्रखंड के बिटिएम ओमप्रकाश गुप्ता ने किसानों को संबोधित करते हुए फसल उत्पादन में वृद्धि के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली कृषि तकनीकों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही, किसानों को केसीसी (कृषि क्रेडिट कार्ड) आवेदन के लिए जागरूक किया और एफपीओ (कृषि उत्पादक संगठन) के माध्यम से कृषि कार्यों में लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। ओमप्रकाश गुप्ता ने किसान समृद्धि योजना और पीएम कुसुम योजना के लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया और इसे किसानों के लिए लाभकारी बताया। किसान गोष्ठी में पंचायत की मुखिया रीता देवी, किसान मित्र सुधांशु चौबे, मुखियापति शंभूनाथ शाह, किसान मोती चौबे, राम ध्यान राम और गंगेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित कई किसान उपस्थित थे। इस आयोजन से किसानों को नई तकनीकी जानकारी मिली और वे अपने कृषि कार्यों में अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित हुए।

# नौकुंडीय महायज्ञ की पूणार्हुति



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित पोखरा के बीचोबीच निमार्णाधीन सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ गुरुवार को नव कुंडीय महायज्ञ की पूणार्हुति की गयी।

भगवान भास्कर के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व मूर्ति के प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। बुधवार की शाम रथ पर सुसज्जित प्रतिमा के नगर भ्रमण के दौरान सैकड़ों महिला व पुरुष नाचते गाते और जयकारा लगाते दिखे। सूर्य मंदिर निर्माण सह छठ पूजा समिति के तत्वाधान में आयोजित भगवान भास्कर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं नवकुंडीय महायज्ञ 28 फरवरी को विशाल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था।

महायज्ञ के दौरान एक मार्च की जलाधिवास, दो मार्च को अन्नाधिवास व फलाधिवास,तीन मार्च को मिष्ठानाधिवास, चार मार्च को पुष्पाधिवास, घृताधिवास व पांच मार्च को नगर भ्रमण सहित छः मार्च को विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के बाद महायज्ञ की पूणार्हुति की गयी। इस महायज्ञ के दौरान हजारों दानवीरों ने आर्थिक व शारीरिक सहयोग किया। जबकि सेमौरा गांव निवासी अरुण प्रसाद, कांडी बाजार निवासी गरीब प्रसाद, अल्फा कंप्यूटर एंड वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर तथा डुमरसोता गांव निवासी सुखाड़ी साह द्वारा महायज्ञ के दौरान महाभंडारा का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष कृष्ण बारी, उपाध्यक्ष रविरंजन, सचिव पंकज कुमार, उप सचिव अनूप राम, कोषाध्यक्ष गोरख प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष जेपी सोनी, संरक्षक बाबूलाल प्रसाद, उदय सहित सैकड़ों लोगों की महती भूमिका रही।

# केतार में जंगली भालू ने एक व्यक्ति पर किया हमला, लोग दहशत में

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के योगियाबीर निवासी नारायण गुप्ता को जंगली भालू ने गुरुवार सुबह 6:30 शौच जाने के दौरान अचानक हमला कर दिया। जिससे नारायण गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल को सामुदायिक अस्पताल भवनाथपुर में भर्ती कराया गया। वन विभाग की टीम अस्पताल पहुंच कर जायजा लिया। वहीं मौके पर सूचना पाकर वन रक्षी अनूप सिंह, निशांत कुमार, फॉरेस्टर अनिल गिरि अपने टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी लिया। हालांकि ग्रामीणों के अनुसार भालू होने की बात कही गयी, परंतु वन विभाग के द्वारा पुष्टि होना बाकी है। वन विभाग के वापस होते हैं जंगल में ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की जिसमें कई जगह पर भालू के पंजे के निशान भी मिले हैं, जिसकी सूचना पुनः वन विभाग को दे दी गयी है। इधर वन विभाग की टीम जांच में जुट गयी है। समाचार लिखे जाने तक इसकी पुष्टि नहीं हो पायी है। परंतु संदिग्ध जानवर होने की जानकारी दिया है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी वन विभाग के टिम में फारेस्टर अनिल गिरी के साथ निशांत कुमार ने बताया कि जंगल की तरफ ना निकले और आवश्यकता होने पर समूह बनाकर हीं निकले, सूर्य ढलने के बाद लोग घर से बाहर जंगल की तरफ ना जाएं और सतर्क रहें। किसी प्रकार की जंगली जानवर आने के बाद तुरंत प्रशासन एवं वन विभाग को सूचित करें ताकि उसे पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा सके। लोगों को जंगल में जाने से मना किया है। किसी कारण वश अगर जंगल जाना आवश्यक हो, तो समूह में लाठी डंडे के साथ जाने की बात कही गयी है। इस घटना की जानकारी पर वन विभाग की टीम एवं समाजसेवी नागेंद्र सिंह, नागेंद्र प्रजापति, संजय गुप्ता ,एस कुमार गुप्ता, राजू गुप्ता रमेश बैठा, विश्वनंदन राम, लालबहादुर अगरीया, गंगेशवर गुप्ता सहित दर्जनों स्थानीय ग्रामीण मौजुद थे।

# मुखिया ने डीसी से पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ को अपग्रेड करने की मांग की


आजाद सिपाही संवादाता



**कांडी।** गढ़वा उपायुक्त की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में सतबहिनी झरना तीर्थ का किसी ने नाम तक नहीं लिया, यह बड़े ही खेद की बात है। जिला के पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक में जिला के कई पर्यटक स्थलों को उनके स्तर के अनुरूप अपग्रेड किया गया। इसके साथ ही कई चयनित स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में स्वीकृति प्रदान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बावजूद इसके जिला एवं राज्य ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एवं प्रसिद्ध मनोरम पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ का उक्त बैठक के किसी प्रतिभागी ने नाम लेना भी मुनासिब नहीं समझा। जबकि गढ़वा जिला में सबसे पहले वास्तविकता के धरातल पर देखा जाये, तो सतबहिनी झरना तीर्थ को अपग्रेड करना चाहिए था। इस संबंध में कांडी प्रखंड अंतर्गत सरकोनी पंचायत के मुखिया सुबोध कुमार वर्मा ने कहा कि बैठक की खबर विस्तार से पढ़ने के बाद उन्हें और इस क्षेत्र के हजारों लोगों को काफी कष्ट हुआ है। इसलिए कि सतबहिनी झरना तीर्थ का विकास नागरिक प्रयास से किया गया है। इस मामले में यह पर्यटन स्थल एक अनोखा स्थान रखता है। उन्होंने अपने बेबाक अंदाज में कहा कि जब सरकारी पैसे की बंदरबांट की चारों तरफ परिपाटी बन चुकी हो, तो ऐसे समय में सतत अकाल ग्रस्त क्षेत्र की जनता ने अपने पसीने की गाढ़ी कमाई एवं अपनी खर्ची बेचकर या दान करके इस स्थल के विकास में वर्ष 2001 से 2017 तक ढाई करोड रुपये खर्च कर इसे उत्कृष्ट पर्यटन स्थल का स्वरूप प्रदान किया है। मुखिया ने कहा कि उनके हृदय में इस मामले को लेकर इतना कष्ट हुआ कि उन्होंने 11:00 बजे रात में उपायुक्त शेखर जमुआर के व्हाट्सएप पर संदेश भेजने से अपने को रोक नहीं सका कि सतबहिनी झरना तीर्थ पर भी ध्यान दिया जाये श्रीमान।

# वन विभाग की टीम ने 18 बोटा लकड़ी की जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत के सुरक्षित वन क्षेत्र के जंगलों में पेड़ों की कटाई इन दिनों जोरों पर है, संबंधी खबर आजाद सिपाही अखबार के पिछले अंक में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद वन विभाग की निंद्रा टूटी। रेंजर प्रमोद कुमार के निर्देश पर गुरुवार को वन विभाग की टीम ने कैलान के नावानगर टेड़की महुआं के पास से पेड़ के 18 बोटा लकड़ी जब्त कर वन कार्यालय लाया। वहीं रेंजर प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर वन विभाग द्वारा कैलान के जंगलों में छापामारी कर माफियाओं द्वारा काटे गये पेंड़ो के 18 बोटा को जब्त किया गया है, साथ ही पेड़ काटने वालों को उपर कार्रवाई हेतु उन्हें चिन्हित किया जा रहा है।

जानते चलें कि कैलान के सुरक्षित जंगलों से इन दिनों लकड़ी माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर बड़े बड़े पेड़ो को काटते हुए आरा मशीन से लकड़ी का बोटा बनाकर बेचने का कार्य किया जाता रहा है। इसी दौरान कैलान दक्षिणी नावानगर टेड़की महुआं के पास 18 बोटा रखा हुआ था।

# संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ ने कुलपति से की समस्याओं के समाधान की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल महासंघ के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय के नेतृत्व में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान महासंघ ने संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग रखी।

महासंघ ने अनुदान राशि समय पर जारी करने, संबद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के सिंडिकेट में प्रतिनिधित्व देने, मूल्यांकन सहित परीक्षा विभाग से जुड़ी सभी बकाया राशि का तत्काल भुगतान कराने और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को भी पीएचडी कराने का अधिकार देने जैसी मांगें रखीं।

कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह ने परीक्षा विभाग से संबंधित सभी लंबित भुगतानों को एक पखवाड़े के भीतर निपटाने का आश्वासन दिया। साथ ही, अन्य मांगों पर भी नियम संगत समाधान का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर महासंघ के संरक्षक और लातेहार कॉलेज के प्राचार्य प्रो प्रदीप तिवारी, एके सिंह जपला कॉलेज के प्राचार्य सुर्यमणि सिंह, संत तुलसीदास कॉलेज, रेहला के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा, महासंघ के महासचिव डॉ. बंशीधर सिंह, बीएस एम कालेज भवनाथपुर के प्रो अफजल, बीएसएम कालेज के प्रो संजीत कुमार, गोपीनाथ सिंह महिला कालेज डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ महिपाल सिंह, एके सिंह जपला के डॉ रामसुभग सिंह, एम के कालेज पांकी के डॉ राजकमल वर्मा, डॉ मधेसर सहाय सुखदेव सहाय डिग्री कालेज के प्रो अंजनी पाठक, अनुपम मिश्रा, अमरेश पांडे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

## सूचना

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड हंटरगंज एवं टण्डवा में निर्मितन्यू डाक बंगला को एक वर्षो के लिए बंदोबस्ती /लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र. स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | हंटरगंज डाकबंगला | 3876 sqft | 120000 | 36000 |
| 2 | टण्डवा डाकबंगला | 3876 sqft | 120000 | 36000 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक.28/03/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्क्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 5000.00 ( पॉच हजार) रू0 का बैंक ड्राफटजो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिशद,चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं, जो लौटाया नहीं जायेगा।

**शर्त :–**

1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम–5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफट द्वारा उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमा कर्ताओं की जमानत की राशि सफल डाक वक्ता के साथ एकरारनामा के तुरन्त बाद वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम डाक वक्ता को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र /पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयंवहन करना होगा।
7. यदि एक वर्ष के बाद एकरारनामा बढाया जाता है तो 10 %से 15 % किराया में वृद्धि किया जायगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद चतरा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 347926 (District) 24-25 (D)

## मिनी ट्रक और बाइक की टक्कर में एक घायल

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदनीनगर मुख्य पथ स्थित डोरामी के पास गुरुवार को मिनी ट्रक जेएच 01 जे 9262 व मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही मोटरसाइकिल सवार भोला कुमार चंद्रवंशी के 30 वर्षिय पुत्र अनंत कुमार हुटार निवासी घायल हो गया। वही स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को एंबुलेंस के माध्यम से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक जुबेर अहमद ड्रेसर राजेश कुमार सिन्हा उर्फ बबलू, एंबुलेंस चालक दीपक सिंह के देखरेख में प्राथमिक इलाज किया गया। वही घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक मेदिनीनगर से अपना घर हूटार जा रहा था। तभी सामने से आ रही मिनी ट्रक से उन्हें चपेट में ले लिया।

## हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



दोनों आरोपियों को गिरफ्तार ले जाती पुलिस

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी के औरंगा नदी अवसाने जंगल के समीप चार दिन पहले हुए हत्या मामले का बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के अथक प्रयास से महज चार दिन में खुलासा कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। बता दें कि केचकी के कोयल नदी के किनारे एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव की पहचान चंदन कुमार (पुत्र दशरथ साव, ग्राम-कुटमु, थाना-बरवाडीह, जिला-लातेहार) के रूप में की। मामले की जांच में यह खुलासा हुआ कि मृतक की हत्या आपसी विवाद के कारण की गयी थी।

बरवाडीह थाना पुलिस ने तकनीकी शाखा की मदद से 5 मार्च 2025 को इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपी अर्जुन बेदिया और टिनम भुइंयां उर्फ संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि चंदन कुमार और अर्जुन बेदिया के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

घटना 28 फरवरी 2025 की शाम की है जब इस विवाद के चलते अर्जुन ने गुस्से में चंदन को धक्का दे दिया। इसके बाद टिनम भुइंयां ने उसे डंडे से मारा, जिससे वह नदी में गिर गया। इसके बाद दोनों ने उसे तब तक पानी में दबाये रखा जब तक उसकी मौत नहीं हो गयी। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा और मृतक का जूता नदी से बरामद किया गया। वही थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि अपराध करने वालो को किसी भी सूरत में बक्शा नही जायेगा। हर हाल में कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने आम लोगो से अपील की है कि अपराध करने वाले लोगो को चिन्हित कर सूचना दें उनकी सूचना गुप्त रखी जायेगी। छापेमारी दल में बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, पुअनि अनुज कुमार, पुअनि सुनील कुमार और जवान शामिल थे।

## गाड़ी की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 स्थित ढुलूवा खुटा पुल के सामीप बुधवार की रात करीब 8:30 बजे सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप घायल हो गये। मृतक की पहचान बरवाटोली निवासी रविंदर लोहरा उर्फ पिंटु 25 पिता बना लोहरा और घायलों में बरवा टोली के ही विक्की लोहरा 28 पिता सुलदेव लोहरा एवं एक कि पहचान मृतक के 30 वर्षीय जीजा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पिंटु कूडू थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरी पंचायत के कड़ाक से किसी शादी समारोह में शामिल होकर अपने स्कूटी से रात करीब साढ़े आठ बजे अपने घर लौट रहा था। उसके साथ बरवाटोली निवासी विक्की लोहरा और उसका जीजा भी थे। तभी कुडू ढुलूवा खुटा पुल के पास स्कूटी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिन्हें पेट्रोलिंग पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कुडू अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने पिंटू को मृत घोषित कर दिया।

## मुंबई और कोलकाता सेमीफाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज स्टेडियम में गुरुवार को स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गये। पहले मैच में मुंबई ने ओडिशा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी, जबकि दूसरे मुकाबले में कोलकाता ने लोहरदगा को शिकस्त दिया। पहले क्वार्टर फाइनल में ओडिशा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन बनाये। आशीर्वाद स्वान ने 43 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि मुम्बई के गेंदबाज हर्ष मेंडन ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट चटकाये। जवाब में मुंबई की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाकर जीत दर्ज की। तनय कुमार विश्वाल ने 55 रन 5 चौके, 3 छक्के और राम रोशन ने 68 रन 8 चौके, 4 छक्के की दमदार पारियां खेलीं। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए राम रोशन को मैन ऑफ द मैच चुना गया, और उन्हें 10 हजार का चेक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। दूसरे मुकाबले में कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 215 रन बनाये। विशाल भारती ने 89 रन की शानदार पारी खेली, जबकि लोहरदगा के गेंदबाज जतिन पांडेय ने 52 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में लोहरदगा की टीम 123 रन पर सिमट गयी। कुणाल सिंह ने 38 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। कोलकाता के सक्षम चौधरी ने 27 रन देकर 4 विकेट, जबकि विशाल भारती ने 2 विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए विशाल भारती को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार समारोह में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार, पूर्व राज्यसभा सांसद सह जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू, सचिव आलोक रॉय, कार्यकारी अध्यक्ष भाष्कर दास गुप्ता, हर्षित साहू, डॉ शशि गुप्ता प्राचार्य, बीएस कॉलेज, बीजेपी नेता ओम प्रकाश सिंह, कांग्रेस नेता उमेश्वर नाथ तिवारी, पूर्व क्रिकेटर नयन रंजन दत्ता, रणजी खिलाड़ी आशीष कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 टूर्नामेंट




## मूलभूत सुविधाओं से दूर है प्राचीन शिवलिंग स्थल

### स्थानीय ग्रामीणों ने उपायुक्त से निदान की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** धर्मिक स्थल पर मूलभूत सुविधा का अभाव के कारण आज भी भक्तों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित चंदवा गढ़गांव के समीप 12 सौ फीट ऊंची पहाड़ के ऊपर गुफा में प्राचीन शिवलिंग स्थापित है। जहां जिले के विभिन्न क्षेत्र तथा अन्य जिला से भी शिव भक्त दर्शन करने आते हैं और गुफा स्थित शिव लिंग का दर्शन कर पूजा अर्चना करते है। यह जगह काफी मनमोहक स्थल के रूप में चर्चित है। अगर बात करें अमरनाथ का तो उसका प्रारूप पूर्व में देखने को मिलता था। परंतु पर्यटन विभाग के सौजन्य से सुंदरीकरण कार्य होने से शिव भक्तों के बीच दूरियां कम हुआ परन्तु पानी की समस्या आज भी कायम है। वही इस संदर्भ में त्रिलोकी सिंह, नंदगोपाल ठाकुर, दीपक उरांव, संजय सिंह, कृष्णा खेरवार, रोहित सिंह, संदीप उरांव, दीपक सिंह सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि धर्मिक स्थल का सुंदरीकरण कार्य में अनियमितता बरती गयी है। जिस पर बताते हुए ग्रामीणों ने जिला के उपायुक्त से आग्रह किया है कि एक बार प्राचीन शिवलिंग दर्शन करें और अन्य कमियों का अवलोकन करते हुए मूलभूत सुविधाएं बहाल कराने में हम सभी ग्रामीणों को सहयोग प्रदना करें।

### टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मौके पर सांस्कृतिक संध्या आयोजित

## बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता के सुरों पर झूमे श्रोता

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मौके पर बुधवार की रात बीएस कॉलेज स्टेडियम स्थित मैदान में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड के मशहूर सिंगर अमित गुप्ता ने अपनी मधुर आवाज और शानदार प्रस्तुति से पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। जैसे ही उन्होंने अपने सुपरहिट गानों की प्रस्तुति दिया, पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दर्शक उनके गानों पर झूमते नजर आये। जहां हजारों लोगों ने संगीत का आनंद उठाया और संगीतमय माहौल में खो गये। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्यसभा सांसद सह जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू, एसपी हारिस बिन जमा, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरक्केट समेत अन्य अतिथियों ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंच पर मौजूद अतिथियों ने इस भव्य आयोजन की सराहना कर कहा कि लोहरदगा में इस तरह के आयोजन लोगों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं। बल्कि, जिले की सांस्कृतिक विरासत और खेल को बढ़ावा देने का भी एक उत्कृष्ट प्रयास है। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि, लोहरदगा मेरी जन्मभूमि और कर्मभूमि है। इस पवित्र भूमि से मुझे पहचान मिली है। मैं हमेशा इसकी सेवा में तत्पर रहूंगा। मेरा सपना हमेशा से रहा है कि यहां के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले और वे खेल, शिक्षा, कला और संस्कृति में आगे बढ़ें। खेल और संस्कृति का समावेश समाज को मजबूत करता है और यही कारण है कि हम समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। यह सिर्फ एक मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं को प्रोत्साहित करने का एक मंच भी है। लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि, छोटे जिले में इतना शानदार और व्यवस्थित आयोजन होना अपने आप में एक मिसाल है। धीरज प्रसाद साहू और उनके परिवार द्वारा समय-समय पर भजन, कव्वाली, सांस्कृतिक संध्या और अब क्रिकेट टूर्नामेंट जैसे आयोजनों की परंपरा लोहरदगा के लिए गर्व की बात है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और एकजुट करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही अमित गुप्ता ने अपने सुपरहिट गानों की प्रस्तुति दी, दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ ने तालियों और उत्साह के साथ इस संगीतमय संध्या का भरपूर आनंद लिया।

## बीडीओ ने आवास योजना और बागवानी का निरीक्षण किया

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर बीडीओ द्वारा आवास योजना और बागवानी योजनाओं का निरीक्षण किया गया। प्रखंड क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत सरना टोली, बेड़ा टोली और भड़गांव पंचायत कर्मियों के साथ आवास योजना और बागवानी योजनाओं का निरीक्षण करते हुए लाभुकों को अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक समय सीमा के अंदर आवास का निर्माण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताया आवास का राशि प्रखंड से किस्त वार राशि सभी के खाता में पहुंच रहा है। वही संबंधित पंचायत सचिव को मजदूरों का मजदूरी भुक्तान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत सचिव और जनसेवक पंचायत का भ्रमण कर लाभुकों को आवास निर्माण करने के लिये प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। साथ आम बागवानी में पौधा खराब या सुख रहा है। उसको रिप्लेस करने के लिये कहा गया और बागवानी से खर पतवार का साफ सफाई कर पौधों को सिंचाई करने के लिये निर्दर्श दिया गया है। सभी पंचायत सचिवों को योजना से सम्बंधित अभिलेख को दुरुस्त रखने और पुरानी योजना को बंद कर नया योजना लेने के लिये भी निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मु, बीपीआरओ सुजीत उरांव, पंचायत सचिव गुहा उरांव, नागमणी उरांव समेत अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने प्रेम इंटरप्राइजेज का किया उद्घाटन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह मेदिनीनगर मुख पथ स्तिथ बिजली ऑफिस के समीप प्रेम इंटरप्राइजेज का जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी भोला प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस दौरान महेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रेम इंटरप्राइजेज क्षेत्रवासियों के लिए टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट, डोर एवं प्लाई जैसी उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री को किफायती दरों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोला गया है। प्रतिष्ठान के संचालक प्रो. अमय कुमार ने बताया कि यह दुकान ग्राहकों को उचित मूल्य पर बेहतरीन उत्पाद उपलब्ध कराएगी, जिससे निर्माण कार्यों में आसानी होगी। इसके अलावे मुख्य अतिथि पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अब उन्हें निर्माण सामग्री के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद यहीं उपलब्ध होंगे।

## छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की जिला कमिटी भंग, नये सिरे से होगा चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला समिति एवं कोर कमिटी के संयुक्त बैठक कोर कमिटी संयोजक प्रो शिवदयाल साहु की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सर्वसम्मिति से पिछले कार्यकाल का समय पुर्ण होने के कारण जिला समिति को भंग कर नये कमिटी गठन हेतु 5 सदस्यों का चुनाव संचालन समिति मनोनयन के लिए चयन किया। जिसमें सत्यनारायण साहु, कैलाश साहु, बलराम साहु, रवि साहु एवं लाखपती साहु को शामिल किया गया है। यह समिति 10 अप्रैल तक चुनाव का प्रारूप तैयार कर कोर कमिटी को सुपुर्द करेंगे। कोर कमिटी सदस्यों से बैठक कर सहमती बनाने के पश्चात चुनाव संचालन समिति को चुनाव कराने का दिशा निर्देश देगी। नये कमिटी गठन होने तक जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज साहु को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही रीपू सुदन साहु, रामबिलास साहु, बजरंग साहु, सत्यनारायण साहु, शिवशंकर साहु को कोर कमिटी में नये सदस्य बनाए गये। 8 मार्च को स्व तीलेश्वर साहु के पुण्यतिथि पर समाज के लोगों द्वारा कृषि बाजार समिति के सामने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। समाज के द्वारा 12 मार्च को होली मिलन समारोह तेली धर्मशाला में धूम धाम से मनाया जायेगा। 9 मार्च को गुमला जिला में आयोजित तेली जतरा सह सामुहिक विवाह कार्यक्रम में लोहरदगा जिला से समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की गयी। बैठक में रिपुसुदन साहु पुर्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज साहु, पुर्व महासचिव बलराम साहु, रामबिलास साहु, विदेशी साहु, बजरंग साहु , सत्यनारायण साहु, लाखपती साहु, सोहन साहु, नन्दकिशोर साहु, शिवशंकर साहु, मुकेश साहु, सरजू साहु, दीपेश्वर साहु आदि शामिल हुए।

## लोहरदगा मैना बगीचा में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** नगर परिषद के प्रशासक मुक्ति कीड़ो के नेतृत्व में गुरुवार को नगर के शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मुख्य रूप से मैना बगीचा क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर लगने वाले सब्जी एवं फुटकर विक्रेताओं के दुकानों को हटाया गया। प्रशासन ने इन दुकानदारों को बगल के मैदान में व्यवस्थित बाजार लगाने के लिए प्रेरित किया, जिससे कि भविष्य में सड़क पर अव्यवस्था और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। मैना बगीचासड़क जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इस सड़क के दोनों ओर अनधिकृत रूप से सब्जी और फुटकर दुकानें लग जाने के कारण यहां अक्सर जाम की समस्या बनी रहती थी। नगर परिषद प्रशासन को भी लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद यह कड़ा कदम उठाया गया। नगर परिषद प्रशासक मुक्ति कीड़ो ने स्पष्ट किया कि यह अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे स्वयं अपनी दुकानों को हटा लें, अन्यथा उनके खिलाफ जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से यह भी निर्देश दिया गया कि सभी दुकानदारों को वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित तरीके से बाजार लगाने की सुविधा दी जाएगी, जिससे उनका व्यवसाय भी प्रभावित न हो और यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे इस अभियान के दौरान नगर परिषद की पूरी टीम सक्रिय रही। मौके पर नगर परिषद के सिटी मैनेजर अनिल उरांव, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, सभी राजस्व निरीक्षक, सभी वार्ड प्रभारी एवं कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के हेंजला पिकेट के समीप से अवैध बालु परिवहन करते हुए एक बिना नंबर के ट्रेक्टर को जब्त किया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अवैध बालू उठाव कर ले जाने की सूचना मिली थी जिसपर अविलंब कार्रवाई करते हुए अवैध बालु लदे ट्रैक्टर को जब्त कर कुडू थाना लाया गया। और अग्रतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचनार्थ किया गया है।

## एकल अभियान ने लगाया औषधि चिकित्सा शिविर



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड के भौरों गांव में पांडेय गणपत राय स्मारक स्थल में एकल अभियान का औषधि चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका सहयोगी अखिल भारतीय वन औषधि अभ्यास मंडल संभाग दक्षिण झारखंड के सौजन्य से आप फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में एक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता लोहरदगा जिला के आप फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश जायसवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कनाडा अहमदाबाद से लगभग 50 आयुर्वेदिक डॉक्टर की टीम एवं आप फाउंडेशन के राष्ट्रीय योजना प्रमुख डॉ मुकुल भाटिया के द्वारा लक्ष्मी माता व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं शहीद गणपत राय को पुष्पाला अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर मुकुल भाटिया की योजना एवं डॉक्टर अखिल भारतीय मंडल के अध्यक्ष मीनू भाई प्रज्ञा एवं सचिव अमरेश जी शांति आश्रम के शरद चंद्र आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। लोहरदगा जिला के आप फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सतीश जायसवाल सभी उपस्थित डॉक्टर एवं ग्रामवासी, बच्चों, सेविका, संयोजीका का स्वागत करते हुए कहा ईश्वरीय कृपा से इतने डॉक्टर की टीम आपको स्वस्थ रखना का चिंतन करते हुए आपके बीच में उपस्थित हैं।

## ट्रक ओनर्स एसोसिएशन की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विमरला माइंस में चलने वाले ट्रकों को रोकने के विरोध में लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन, झारखंड पठारी बॉक्साइट चंदवा ट्रक ओनर्स एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से मिलने के पश्चात निर्णय किया गया है कि अगर प्रशासन विमरला की गाड़ियां चालू नहीं करवाती है तो लगभग 1500 ट्रकों को खड़ा कर दिया जायेगा। सड़क जाम भी किया जायेगा। दूसरी ओर संगठन के सभी पदाधिकारी ने एक स्वर से कहा है कि अब हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ भी आंदोलन शुरू किया जायेगा। क्योंकि हिंडालको कंपनी के ट्रांसपोर्टर इस्लाम अंसारी जिनकी लगभग 90 गाड़ियों का ट्रांसपोर्टिंग पाखर मे लिए हुए हैं और लाखों रुपया कंपनी से महीना में कमा रहे हैं, गाड़ियां पाखर में चलती है। बगडु में भी वह कंपनी का काम करते हैं। वह जबरदस्ती विमरला में गाड़ियों को रोक कर अपने निजी स्वार्थ हेतु ट्रांसपोर्टिंग एवं रेजिंग लेने के चक्कर में ट्रक मालिकों को परेशान कर रहे है। बाहरी और भीतरी बोलकर गरीब लोगों को बरगला रहे हैं।

## ई विद्यावाहिनी में शिक्षकों को हाजिरी के अनुरूप मिलेगा वेतन

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा विद्यालय स्तर पर चलायी जा रही सारी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंड में ई विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही ई विद्यावाहिनी में शिक्षकों का जितना अटेंडेंस होगा, उतनी ही सैलरी देने का निर्देश दिया गया। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारियों को स्कूलों में जाकर सतत मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी हाइस्कूल एवं कस्तूरबा गांधी में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं इंजीनियरिंग, मेडिकल, जेइइ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करते हुए फॉर्म भरो अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिंदुओ का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। जिले की प्रत्येक स्कूलों का संचालन सही तरीके से करते हुए स्कूलों में बच्चों के ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

# चैनपुर में दो बाइकों की भिड़ंत युवक की मौत, चार घायल

## सभी घायलों की हालत गंभीर, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधीपुर के पास दो बाइक के बीच आमने-सामने की हुई भीषण टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज बीएन कॉलेज न्यू एरिया मोहल्ला निवासी रविरंजन उर्फ ओम प्रकाश के रूप में हुई है। जबकि घायलों में हमीदगंज बीएन कॉलेज निवासी अंकित कुमार (20), विशाल कुमार (18), हाउसिंग कालोनी निवासी विवेक कुमार (250 और आबादगंज निवासी अमित कुमार (28) के रूप में हुई है। उधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी चैनपुर पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही चैनपुर पुलस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस चौकी के एएसआई नीरज कुमार, पुलिस जवान महेंद्र कुमार और विकास कुमार अस्पताल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी लिये। वहीं, डॉक्टर आरके रंजन की देखरेख में सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। उधर, पुलिस ने रविरंजन उर्फ ओम प्रकाश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी ओर, इस घटना के बाद से अस्पताल में मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।


हादसे के बाद अस्पताल लाये गये युवक।

# चैनपुर-शाहपुर को जल्द मिलेगा शानदार पार्क : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर चैनपुर में नव निर्माण हो रहे सूर्य मंदिर पार्क का गुरुवार को निरीक्षण किया। कहा कि मैंने निगम क्षेत्र के लिए जितनी योजना बनाई थी वह सब अब धीरे-धीरे पूरा होने जा रहा है जिसकी गुणवत्ता की निगरानी मैं खुद कर रही हूं। आज मुझे खुशी है कि उन्हीं योजनाओं में एक चैनपुर शाहपुर का प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर पार्क जो लगभग चार एकड़ में फैला है जिसे बाउंड्री वॉल देकर सुरक्षित कर दिया गया था उसे सजाया जा रहा है। प्रथम महापौर ने बताया कि पार्क में संवेदक द्वारा कोलकाता से ऊंचे क्वालिटी के अमेरिकन कारपेट ग्रास मंगा कर लगवाई जा रही है जिससे पार्क की खूबसूरती और बढ़ गई है। इस पार्क में टहलने के लिए करीब एक किलोमीटर आठ फीट चौड़ा रास्ता भी बनाया गया है। जबकि पूरे पार्क के चारों ओर ज्यादा प्रकाश देने वाली आधुनिक एलइडी लाइट लगाई जा रही है। जगह-जगह बुजुर्गों के बैठने के लिए सीमेंटेड बेंच लगेंगे। बच्चों को खेलने के लिए कई संसाधन होंगे। प्रथम महापौर ने कहा कि अब चैनपुर शाहपुर की माताओं, बहनों, बच्चों, बुजुर्गों एवं भाइयों को गांधी उद्यान जाना नहीं पड़ेगा। वह सुबह-शाम इस पार्क का आनंद ले सकेंगें। अरुणा शंकर ने कहा कि जल्द ही शहर के छह ऐसे ही तालाब का सुंदरीकरण चल रहा है जो वहां के स्थानीय लोगों को समर्पित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उनके साथ पूर्व वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, चंचला देवी, अनीशा खातून, भोला पांडे, मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# देवरी ओपी के आरक्षी को बाइक सवार ने मारी टक्कर



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में देवरी ओपी के आरक्षी मिथिलेश तिवारी गुरुवार को वाहन जांच अभियान के तहत वाहनों की जांच कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार एक युवक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में आरक्षी और बाइक सवार दोनों घायल हो गए। घायलों को उत्तरी क्षेत्र जिला परिषद सदस्य राजू मेहता एवं देवरी ओपी पुलिस ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। बाइक सवार देवरी कला सूर्य मंदिर के समीप का रहने वाला बताया जाता है। जानकारी के अनुसार, देवरी ओपी पुलिस देवरी-जपला मुख्य सड़क पर वाहन जांच कर रही थी। तभी देवरी की तरफ से तेज रफ्तार बाइक सवार पहुंचा और पुलिस को रुकने का इशारा करने के बावजूद नहीं रूका और हड़बड़ाहट में अनियंत्रित होकर आरक्षी से जा करराया। बताया जा रहा कि इस हादसे में आरक्षी मिथिलेश तिवारी के तीन दांत टूट गए हैं। जिसका इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।

# 11 किलो गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला पुलिस ने रेहला स्टेशन रोड स्थित साप्ताहिक शुक्र बाजार परिसर से गुरुवार को 11.29 किलो गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान गुड्डी कुंवर (35) के रूप में हुई है। वह रेहला कला की रहने वाली है। मृतके के पति अजय साव की मौत हो चुकी है। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि पलामू एसपी को सूचना मिली थी कि शुक्र बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा का बड़े पैमाने पर कारोबार हो रहा है। सूचना की पुष्टि करने के बाद एसपी रीष्मा रमेशन ने विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक टुटी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। पुलिस की टीम इस दिन स्टेशन रोड स्थित शुक्र बाजार क्षेत्र पहुंची। हालांकि पुलिस को देखते ही एक महिला ट्रॉली बैग लेकर भागने लगी। पर पुलिस ने महिला को खदेड़कर पकड़ लिया। ट्रॉली बैग को खोलकर देखा, तो उसमें से गांजा के 11 पैकेट मिले, इसका कुल वजन 11.29 किलो है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी संतोष कुमार, एसआई कुशेश्वर सिंह, एसआई बुधु उरांव, एसआई अमित पांडेय, आरक्षी अजय प्रजापति, गुलमोहन उरांव और गृह रक्षक चालक वीरेंद्र कुमार मेहता शामिल थे।



# पांकी विधायक ने सदन में उठाया शिक्षा विभाग में हुए भ्रष्टाचार का मामला



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर गुरुवार को सदन में मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मनातू, पांकी, तरहसी, नीलाम्बर - पीताम्बरपुर प्रखंड के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साव द्वारा 104 विद्यालयों में नोटबुक वितरण के लिए बाइक का उपयोग दिखाया गया। साथ ही 52 हजार रुपये भुगतान भाड़े के रूप मे दिखाया गया। उन्होंने कहा कि मात्र आठ दिनों मे 104 विद्यालयों तक नोटबुक बंडल पहुंचाने का दावा अंसभव है। विधायक ने सरकार से मांग किया कि एसीबी से जांच कराकर दोषी पदाधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाय। साथ ही बजट सत्र में बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा महिला को सर्वजन पेंशन योजना के तहत 1000 की जगह 2500 रुपये देने की सरकार से मांग की। पांकी विधानसभा के किसानों की आय बढ़ाने और उपज की गुणवाता बनाए रखने के लिए सरकार से कोल्ड स्टोरेज बनाने की मांग की।

# बिजली चोरी करने वाले 10 लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता प्रमंडल मेदिनीनगर ग्रामीण के दामोदर कुमार रंजन ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड मुख्यालय के निर्देश पर शाहपुर के विभिन्न इलाकों में छापामारी कर बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इसमें शाहपुर निवासी मोहम्मद नवाज आलम, साबिर हुसैन, मोहम्मद मुजम्मिल राजा, मोहम्मद मुमताज अहमद, मोहम्मद शहजाद कुरैशी, अब्दुल गमी अंसारी, इरशाद अंसारी, नौशाद अंसारी, औरंगजेब सिद्दीकी एवं विश्वनाथ राम का नाम शामिल है। इन लोगों द्वारा अपने घर एवं दुकान में लगे मीटर से बाईपास बिजली चोरी करते पकड़ा गया है। उक्त स्थल से बिजली के तार भी बरामद किये गये है। उनके खिलाफ चैनपुर थाना में जुर्माना के साथ प्राथमिक भी की दर्ज कराई गई है। अधिकतम जुर्माना 22 हजार 800 रुपए लोगों पर बिजली क्षतिपूर्ति के रूप में लगाया गया है।

# अपहृत लोगों की पिटाई से दो अपहरणकर्ताओं की मौत, जंगल से बचकर आये लोगों ने सुनायी आपबीती

## अपना अपराध स्वीकार करते हुए अपहृत लोगों ने खुद को किया पुलिस के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** थाना क्षेत्र में इन दिनों अफीम की खेती को लेकर सरगर्मी तेज है। पुलिस-प्रशासन की ओर से पोस्ता की खेती के विरूद्ध लगाचार अभियान चलाकर उसे नष्ट किया जा रहा है। पोस्ते की इसी खेती को लेकर विगत दिनों दो लोगों की हत्या हो गयी थी, जिसकी गुत्थी को मनातू पुलिस ने सुलझा लिया है। गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया कि 15 दिन पहले अफीम की खेती से जुड़े रामलाल यादव, विकाश गंझू, राजगीर गंझू, विशंबर यादव और बसंत सिंह से लेबी वसूली करने को लेकर विपिन यादव नामक युवक के एक गिरोह द्वारा अपहरण कर लिया गया था। अपहरणकर्ताओं ने सभी लोगों को राजखेता के जंगल में ले जाकर जाकर बंधक बना लिया गया और उनसे पैसों की मांग की गयी। सात ही लेबी की रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। हालांकि वारदार की रात अपहृत लोगों की निगरानी में दो लोगों को लगाकर बाकि के अपहरणकर्ता खाना खाने चले गये। जिसका फायदा उठाकर अपहृत रामलाल, विकाश, राजगीर, विशंबर और बसंत सिंह ने उनकी निगरानी कर रहे दो अपहरणकर्ताओं को दबोच लिया और उनकी बुरी तरह पिटाई कर गंभीर हालत में ही जंगल में छोड़कर अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले। इसी बीच कुछ दिन बाद राजखेता के ग्रामीणों से स्थानीय चौकीदार नरेश यादव को सूचना मिली कि राजखेता ग्राम के अमवातरी जंगल में दो अज्ञात शव पड़े हैं। उक्त सूचना के आलोक में राजखेता ग्राम के जंगल में पहुंचकर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो शव बरामद हुआ। जिसके बाद अज्ञात अपराध कर्मियों के विरुद्ध मनातू कांड संख्या 23/ 2025 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गयी। अनुसंधान के क्रम में अपहृत लोगों तक पुलिस पहुंच गयी। तब उन लोगों ने बताया कि विपिन यादव एक गिरोह बनाकर उन लोगों का अपहरण कर लिया था। जिसे चंगुल से जान बचाकर भागने के क्रम में अपहरणकर्ताओं के साथ मारपीट हो गई थी, जिसमें दो अपहरणकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उनको उसी अवस्था में छोड़कर वे लोग भाग निकले थे। संभवः इलाज नहीं मिलने के बाद उनकी मौत हो गयी होगी। बाद में पता चला कि विपिन यादव अपने गिरोह के साथ उन लोगों को जान से मारने की नीयत से खोज रहा है। इसीलिए वे लोग मनातू पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण करने पहुंचे हैं।



# सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस के जनरल बोगी से शराब बरामद



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला रेलवे स्टेशन पर अपराधी गतिविधियों की निगरानी एवं शराब तस्करी रोक थाम में शामिल आरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों को सिंगरौली-पटना गाड़ी संख्या 13349 के डिब्बों में जांच के दौरान जुट का एक लावारिस बोरा मिला। जपला आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने मालिकाना हक नहीं जताया। आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति भी नहीं पाया गया। इस स्थिति में लावारिस बोरा को जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर उतार कर जांच की गई। तब बोरा से तीन पेटी मिली। प्रत्येक पेटी में 45 ब्लू लाइन देशी मसाला फ्रूटी पाया गया। जिसपर फोर सेल इन यूपी अंकित है। जिसका मूल्य 70 रुपया अंकित है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीन पेटी से कुल 133 अदद शराब की बोतलें मिली है, जिसकी अनुमानित कीमत 9400 रुपये लगाई गई है। उन्होंने बताया कि आरपीएफ पोस्ट जपला की कार्रवाई से पलामू के पुलिस अधीक्षक एवं रेलवे के वरीय पुलिस अधिकारियों को दी गई है।

# बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाये जाने पर दी बधाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर मंडल और भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बनने पर बधाई दी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव ने सर्वसम्मति से बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता घोषित किया हैं, जो धन्यवाद के पात्र हैं। कहा कि बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए लंबा संघर्ष किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विकास योजनाओं को उनके नेतृत्व में झारखंड के विधायक धरातल पर उतारने में अपनी भूमिका निभायेंगे।

# विश्रामपुर पंचमुखी मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक, राजेश मार्शल बने पूजा कमेटी के अध्यक्ष



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण में रामनवमी पूजा को लेकर गुरुवार को ग्रामवासियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विक्रमादित्य उर्फ मुन्नू बक्सराय और संचालन अमितेश्वर दयाल ने किया। बैठक में रामनवमी महोत्सव का आयोजन और जुलूस संचालन के लिए रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजेश प्रसाद केशरी उर्फ मार्शल को समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि अमितेश्वर दयाल, विजय कुमार रवि एवं संतोष कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, दिलीप कुमार सिंह को सचिव, अमित कुमार सोनी एवं अमित कुमार को उप सचिव, विकाश चंद्रवंशी को कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार केशरी, बुल्लू गुप्ता, मुकेश चौधरी, राजू केशरी एवं शिव सोनी को मंत्री मनोनित किया गया। जबकि मुख्य कार्यकारणी सदस्य में चंदन कुमार, गोविंद सोनी, अमित सोनी, कृष्णा केशरी, गोलू गुप्ता, चंदन ठाकुर, सत्यम गुप्ता, अमन कुमार को रखा गया। वहीं संरक्षक मंडली में संजय पांडेय, प्रेमशंकर दुबे, विक्रमादित्य उर्फ मुन्नू बक्सराय, पंकज कुमार लाल, राजन पांडेय, चंद्रदेव चौधरी उर्फ कुकू पासी, वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, राजकुमार मेहता, संजय कुमार ठाकुर, अवधेश सोनी, गोपाल सोनी, सिंकू चंद्रवंशी आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा 151 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया। जिसमे कविलासी, मधुरीडीह, पांडेपुर, उरसुला, झगरुआ, बरसईता, सोरडीहा, भालुआनी, पचघारा, हरहेपा, नावाडीह कला, छिपादोहर और बघमनवा आदि गांवों के लोगों को शामिल किया गया है।

# इको सेंसेटिव जोन में चल रहें हैं कई अवैध बंगला ईट भट्ठा

**रामगढ़/पलामू (रंजीत पाण्डेय-आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बाजार क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार बेखौफ चल रहा है। अवैध ईंट भट्ठा संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले भी बुलंद हैं। ऐसा ही मामला रामगढ़ पंचायत की बियाही टांड़ में दिखा। जहां अवैध रूप से घने आबादी के बीच में बंगला ईट भट्ठा संचालित हो रहा हैं। प्रखंड मुख्यालय एवं रामगढ़ थाना से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर बंगला ईट भट्ठा का मनमानी रूप से संचालन हो रहा और प्रशासन मौन हैं। इस ईंट भट्ठे की वजह से ग्रामीण दूषित वातावरण में रहने को मजबूर हैं। इधर, इस मामले में प्रखंड के सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि ईट भट्ठा संचालक को नोटिस दी गयी हैं। जांच प्रतिवेदन के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## शशि रंजन ने क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की हकीकत देखी

# आदिम जनजाति बहुल गांव डुंडुर पहुंचे डीसी, स्कूल-फैसिलिटी भवन का किया निरीक्षण, मध्याह्न भोजन खाकर जांची गुणवत्ता

- कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत छात्रा को कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन का निर्देश, विद्यार्थियों के बीच स्टेशनरी-कॉपी का वितरण
- आदिम जनजाति परहिया परिवार के सदस्यों से की बात, धोती साड़ी का हुआ वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में गुरुवार को आयोजित कैंप कार्यालय के दौरान डीसी शशि रंजन ने क्षेत्र भ्रमण कर सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की हकिकत को जाना। डीसी आदिम जनजाति बहुल डुंडुर गांव पहुंचे। टेढ़े-मेढ़े, पक्की-कच्ची सड़क को पार पर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की और पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। इतना ही नहीं डीसी ने पांचवी कक्षा में अध्यनरत अनुप्रिया कुमारी को उसकी पढ़ाई के प्रति जज्बे को देखकर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने छात्रा के अभिभावक पेशे से किसान विनय यादव से भी बात की और अनुप्रिया का नामांकन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कराने और बच्चों की पढ़ाई को अहमियत देने की सलाह दी। डीसी ने छात्राओं से गुणा एवं पहाड़ा पूछा। उनसे ब्लैक बोर्ड पर लिखवाकर पढ़ाई में उनकी रूचि का आकलन किया। इसके अलावा छात्राओं को कॉपी, पेंशिल आदि स्टेशनरी एवं टॉफी का वितरण कर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। डीसी ने स्कूल में अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षक से विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति संबंधी जानकारी ली। इसके बाद मध्याह्न भोजन खाकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। इसके अलावा विद्यालय परिसर में एकत्र आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों से उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्हें मिलने वाले आवास, खाद्यान्न/राशन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत अच्छादित करना सुनिश्चित करें। डीसी ने आदिम जनजातियों परिवार के लिए बने फैसिलिटी भवन का भी निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही फैसिलिटी भवन को मेंटनेंस में रखते हुए उसका लाभ लेने की अपील की। विदित हो कि डुंडुर गांव में आदिम जनजाति (परहिया) परिवार के करीब 50 घर हैं और 63 राशन कार्डधारी हैं। परहिया परिवार के सदस्यों ने डीसी को बताया कि उन्हें नियमित राशन मिलता है और प्रशासन की ओर से बीच-बीच में उनकी हालचाल भी ली जाती है। समस्या होने पर सहयोग मिलता रहा है। इस मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, प्रमुख उर्मिला कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू आदि उपस्थित रहे।

# गुमला की रसोइया-संयोजिका का रांची में धरना और प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ ने अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार की अपराह्न 3 बजे रांची के कूटे मैदान में धरना प्रदर्शन किया। जिसमें गुमला से सैकड़ो की संख्या में संघ के सदस्य शामिल हुए।

जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने बताया रसोईया को अस्थायी नियमावली बनाये जाने का लिखित आश्वासन दिया गया था। कैबिनेट से पास भी हुआ था। अक्टूबर 2024 से लागू होने की बात कही गयी थी। लेकिन अब तक लागू नहीं हुआ। इसी उम्मीद से हम लोगों ने सरकार बनाने में मदद भी की थी। हमारी पांच सूत्री मांगों में सभी रसोइया संयोजिका को न्यूनतम वेतन लागू किया जाये। संयोजिका एवं अध्यक्ष को भी रसोईया के तर्ज पर मानदेय से जोड़ा जाये। रसोईया का स्थायी नियमावली जब तक नहीं बनता है तब तक 60 साल उम्र की बाध्यता समाप्त की जाये साथ ही घर के कोई एक सदस्य को काम पर रखा जाये। काम के दरमियान चोट लगने जल जाने या कोई अंग क्षतिग्रस्त होने पर रसोईया संयोजिका को समुचित इलाज करते हुए क्षतिपूर्ति एवं घटना में मृत्यु होने पर उसका आश्रितों को आर्थिक सहायता साथ ही 5 लाख का निशुल्क बीमा किया जाये। सभी रसोइया संयोजिका को पेंशन स्कीम से जोड़ा जाये एवं एपीएफ से जोड़कर पीएफ कटौती की जाये साथ ही ग्रेजुएट भी लागू किया जाये।

## युवती का यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के गांव निवासी 31 वर्षीय युवक ने शादी का झांसा देकर 28 वर्षीय युवती के साथ यौन शोषण किया था। मामले को लेकर बीते माह युवती ने गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। युवती ने बताया युवक से विगत 8 सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था इसके बाद उसने मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की विरोध करने पर उसने शादी करने की बात कही। इसके बाद हम दोनों के बीच कई बार शारीरिक संबंध हुआ। शादी की बात करने पर युवक टाल मटोल करता रहा। इसके बाद युवती ने 28 फरवरी को युवक के विरुद्ध महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने युवती का मेडिकल टेस्ट कराया। वहीं पुलिस ने बुधवार की अपराह्न 4 बजे युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### नगर परिषद और पीएचइडी विभाग की पेंच में फंसा भुगतान

## हड़ताल पर गये कर्मी, जलापूर्ति ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नागफेनी जलापूर्ति योजना के तहत गुमला शहर में जलापूर्ति करने वाले कर्मी गुरुवार को हड़ताल पर चले गये हैं। कर्मियों के हड़ताल में जाने के कारण शुक्रवार से गुमला के शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति ठप रहेगा। कर्मियों के हड़ताल में जाने का कारण है कि संवेदक द्वारा पिछले एक साल से मजदूरों को मानदेय नहीं दिया है। नागफेनी जलापूर्ति योजना के तहत नागफेनी मोटर, पुगू में जल शोधन और पीएचइडी कार्यालय स्थित पानी टंकी से जल वितरण करने वाले लगभग 11 मजदूर गुरुवार को पीएचइडी कार्यालय पहुंचे और कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार मिश्रा के समक्ष अपनी समस्या को रखा। कहा कि रमजान का महीना है होली और रामनवमी भी नजदीक है। जलापूर्ति योजना में वे लोग 2008 से काम कर रहे हैं। इस वर्ष पिछले 12 माह से मानदेय नहीं मिला है जिस कारण उनके घर परिवार में भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पूरे शहर को पानी पिलाने वाले व्यक्ति भूखे पेट कैसे पानी पिलायेगा। कार्यपालक अभियंता से मुलाकात करने वालों में दुर्गा साहु, सोनू साहु, अमन मुंडा, बीरेंद्र लकडा, सजीत तिर्की, लगनू साहु, संजीव गोप, सुधीर उरांव, सतीश बाखला, राजेन्द्र साहु ओर विनित लकड़ा के नाम शामिल है। इनका कहना है कि जब तक उन लोगों को मानदेय नहीं मिलता है तब तक जलापूर्ति ठप रहेगा।

कार्यपालक अभियंता ने स्वीकार किया कि मजदूरों को समय पर मजदूरी मिलनी चाहिए। शहरी जलापूर्ति की जिम्मेवारी नगर प्रशासक को दी गई है और उन्हें संवेदक को भुगतान के लिए भी पत्राचार किया गया है। पिछले सत्र का बकाया पीएचइडी से भुगतान होगा।

इस संबंध में संवेदक संदीप कुमार ने कहा कि मजदूरों का मजदूरी लगभग एक साल से बकाया है। इसका कारण विभाग के पास मेरा दो साल से पैसा बकाया है। विभाग को प्रति माह बिल विपत्र दिया जा रहा है। लेकिन पिछले दो वर्षों से भुगतान लंबित है। भुगतान के लिए उपायुक्त से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया है। बकाया राशि का भुगतान होते ही मजदूरों का भुगतान हो जायेगा।

## बाबूलाल के विधायक दल का नेता चुने जाने का शैल मिश्रा ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल का नेता चुने जाने पर भाजपा नेत्री शैल मिश्रा ने प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होने कहा है कि अब सदन के अंदर तथा बाहर पार्टी का रुख और धारदार होगा। श्रीमती मिश्रा ने यह भी कहा कि बाबू लाल मरांडी अनुभवी तथा बेबाक क्षवि के मालिक हैं। उनकी कुशल अगुवाई में झारखंड के मौजूदा ठगबंधन सरकार की नाकामी को भी उजागर किया जायेगा। सरकार द्वारा पेश किये बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शैल ने कहा कि बजट को लेकर सरकार के मंत्री खुद अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। जबकि अनियोजित युवा वर्ग और किसानों के लिए बजट में कुछ नहीं है।

## होली के दिन शहर में भारी वाहनों के आवागमन पर होगी रोक : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह गुमला ने संयुक्त रूप से की। बैठक में नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान शहर की जल आपूर्ति, ट्रैफिक, नशे की बढ़ती समस्या, साइबर क्राइम, सार्वजनिक सुरक्षा और त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। शांति समिति के सदस्यों ने जल संकट की समस्या को प्रमुखता से उठाया, खासकर रमजान के दौरान होने वाली पानी की कमी को लेकर चिंता जतायी। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक वार्ड में पानी के टैंकर भेजे जायेंगे और रमजान के दौरान विशेष जलापूर्ति की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि नये इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में समय और लागत लगती है, लेकिन वर्तमान संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर नागरिकों को राहत देने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि होली के दिन रात 8 बजे से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी जायेगी और चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की जायेगी। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी और सार्वजनिक स्थलों पर पेट्रोलिंग बढ़ाई जायेगी। उन्होंने कहा कि होली के दौरान विवाद मुख्य रूप से नशे, ओवरस्पीडिंग और आपत्तिजनक गानों के कारण होते हैं, इसलिए डीजे पर विवादित गाने न बजाने की सख्त हिदायत दी गयी है। बाहर से आने वाली अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए सघन जांच अभियान चलाया जाएगा, और अवैध दुकानों पर छापेमारी की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि बीते छह महीनों में ड्रग्स से जुड़ी 20 से अधिक शिकायतें आई हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई की गई है। चोरी की घटनाओं पर चर्चा के दौरान यह सामने आया कि नशे की लत के कारण कई युवक अपराध में लिप्त हो रहे हैं, उन्होंने नशे से जुड़े घटनाओं के सम्बन्ध में पुलिस प्रशासन को अवगत कराने की अपील की। होली के दिन ड्राई डे रखने की भी उन्होंने जानकारी दी।

## घाघरा में चला वाहन जांच अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार घाघरा थाना के गेट के समीप थाना प्रभारी तरुण कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी दो पहिया वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस इंसुरेंस एवं हेलमेट की जांच की गयी। सभी तरह के कागजात की जांच की गयी। वहीं थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया की बढ़ती सड़क दुर्घटना एवं बिना हेलमेट पहने हुए मोटरसाइकिल चालकों की चेकिंग की जा रही है। जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट पहने हुए एवं शराब पीकर वाहन चला रहे हैं। वैसे वाहन चालक पकड़े गये तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## शहर में बजबजाती नालियों से बढ़ रहा मच्छरों का प्रकोप, नप सफाई में फिसड्डी

सुधाकर कुमार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर में जगह-जगह गंदगी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसके कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है गर्मी भी शुरू होने वाली है। साथ ही रमजान पर्व का पवित्र माह चल रहा है निकट ही होली, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व है। पर्व त्यौहार को देखते हुए नगर परिषद द्वारा शहर की साफ सफाई को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। लोगों की शिकायत के बाद भी साफ सफाई की दिशा में कोई पहल नहीं हो रहा है। जिसके कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वही नगर परिषद में रखा मच्छर भगाने वाला फॉगिंग मशीन सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। वही नगर परिषद चैन की नींद सो रहा है। जिसके कारण लोगों में नगर परिषद के विरुद्ध आक्रोश देखने को मिल रहा है। नगर परिषद द्वारा सिर्फ कागजों में साफ सफाई का लेखा-जोखा लिखा जा रहा है। आम तो आम खास लोगों के द्वारा नगर परिषद में शिकायत किए जाने पर भी उनकी पहचान व समय नहीं होने की बात कही जाती है। वहीं विभाग अपने जिम्मेदारियां से पल्ला झाड़ रहा है। अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति करने में जुटे हुए हैं। उनकी दिलचस्पी सिर्फ नगर परिषद के फंड से साफ सफाई और कचरा उठाने वाला मशीन और डस्टबिन आदि वस्तुओं के खरीदारी में ज्यादा है। लोगों ने बताया पूर्व में गर्मी आते ही नगर परिषद द्वारा फॉगिंग मशीन चलाया जाता था। जिससे मच्छरों के प्रकोप से कुछ हद तक राहत मिलती थी। लेकिन अब वह मशीन नगर परिषद में रखें जंग लग रहा है। बीते कुछ वर्षों से उक्त मशीन का एक दिन भी शहर में प्रयोग नहीं किया गया है। जिसको लेकर लोगों में नगर परिषद के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शहर के डीएसपी रोड सहित कई वार्डों में संकीर्ण गलियां व सड़क है जिसके कई जगह नालियों में स्लैब नहीं लगे हैं। इसकी जानकारी नगर परिषद को दी गई है लेकिन आज तक इस दिशा में किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है। वहीं कहीं जगह सड़क पर ही नाली का पानी जमा हो रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर परिषद से शहर के नालियों और कूड़ा कचरा के नियमित साफ सफाई करने की मांग की है।

## बीएन जालान कॉलेज में चित्रांकन और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर बीएन जालान कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतिभागी छात्र छात्राओं के बीच चित्रांकन व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने महिला सशक्तिकरण, समाज में महिलाओं की भूमिका पर चित्रांकन किया। साथ ही समानता के अधिकार पर श्लोगन लिखा। वहीं नुक्कड़ नाटक का भी तैयारी किया गया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य अमिताभ भारती ने कहा एन एस एस का समाज में अहम भूमिका होता है। जो हर क्षेत्र मे स्वयं सेवक के रुप मे अपना योगदान करता है। आज महिला दिवस कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता कराया जा रहा है। प्रतिभागी छात्रों के लिए सफलता की अहम कड़ी साबित होगा। चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक, शोभा यात्रा का कार्यक्रम किया जायेगा। वहीं आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सोनिया कुमारी, प्रवीण बसंती, जेन सिसिलिया बारला, डॉ रंजीत कुल्लू, डॉ पारंगत खलखो, डॉ निसार अहमद, विनीता गुड़िया, करम सिंह ओडेया, कीर्ति मिंज, सुरेश साहु, डॉ दीपक कुमार, डॉ श्रवण तिवारी, डॉ इंद्रजीत राम, जगरनाथ साहु सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सिसई में फाल्गुन मेला का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** ऐतिहासिक फाल्गुन मेला 2025 का जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा , जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी व प्रखंड प्रमुख मीणा देवी ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना व फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा ने कहा मेला आपसी सौहार्द व भाईचारे का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक मेले में सभी समुदाय के लोगों की भागीदारी व सहभागिता होती है। इस मिसाल को कायम रखने की सभी आमजनों व मेला समिति का दायित्व है। उन्होंने लोगों से बढ़ चढ़ कर मेला का आनंद लेने की अपील की।

जिला परिषद सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि मेला झारखंड राज्य की संस्कृति है, मेले से जहां सामाजिक चेतना, मनोरंजन और व्यवसाय का समावेश होता है । वहीं आपसी सौहार्द और भाईचारगी का भी समावेश होता है। वहीं सिसई बाजार टांड़ में लगने वाले ऐतिहासिक फाल्गुन मेला का सीओ नितेश रोशन खलखो, सीआई दिलीप कुमार सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। और विधि व्यवस्था एवं खेल तमाशे की जानकारी लेते हुए मेला डाकधारी मो समीर अंसारी को शांतिपूर्ण तरीके से मेले का आयोजन करने के लिए खास दिशा निर्देश दिया। मो समीर अंसारी ने बताया कि इस बार मेला का डाक 29 लाख 51 हजार है। मेला एक माह तक चलेगा। मारुति सर्कस, जादूगर, चित्रहार, ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ड्रैगन झूला, नाव झूला, सर्कस, बच्चों के लिए झूला, मीना बाजार, लोगों के मनोरंजन के साथ साथ खाने पीने व अन्य वस्तुएं की भी दुकानें लगी हैं। साथ ही सिसई मेला में पहली बार नाऊडी झूला लगाया गया है जो लोगों के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा। मेले में सुरक्षा इंतजाम को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे पास पर्याप्त मात्रा में वोलेंटियर्स उपलब्ध हैं, साथ ही सुरक्षा व विधि व्यवस्था में पुलिस व स्थानीय प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है।

मौके पर पंचायत समिति सदस्य जाकिर अंसारी, समाज सेवी रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, पूर्व उपप्रमुख दीपक अधिकारी, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा, बरगांव उत्तरी मुखिया सुनिता देवी, बरगांव दक्षिणी मुखिया शोभा देवी , सिसई मुखिया शकुन्तला देवी, भदौली मुखिया अलबीना देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



पंजाब के खिलाड़ी अपने होम ग्राउंड धर्मशाला में तैयारियों के लिए अभ्यास के लिए यहां पंहुचे थे। टीम के स्टार खिलाड़ी युजवेंद्र चहल, प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह सहित 11 सदस्य ने भाग लिया।

## पंजाब किंग्स का अभ्यास सत्र संपन्न, आज लौटेंगे खिलाड़ी

एजेंसी



**धर्मशाला।** आइपीएल की तैयारियों के लिए पंजाब किंग्स की टीम ने धर्मशाला स्टेडियम में पांच दिनों के अभ्यास सत्र में खूब पसीना बहाया है। वीरवार को अभ्यास के अंतिम व पांचवें दिन खिलाड़ियों ने मैदान और नेट में जमकर अभ्यास किया। साथ ही खिलाड़ियों ने इस दौरान धर्मशाला व मैक्लोडगंज की वादियों में गुपचुत तरीके से घूमने फिरने का भी आंनद लिया। पांच दिवसीय अभ्यास सत्र के बाद अब अधिकतर खिलाड़ी शुक्रवार को धर्मशाला से वापिस लौट जाएंगे।

एचपीसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में वीरवार को पंजाब किंग्स की टीम प्रैक्टिस के लिए उतरी। पंजाब के खिलाड़ी आईपीएल मैचों से पूर्व अपने होम ग्राउंड धर्मशाला में तैयारियों के लिए पांच दिवसीय अभ्यास सत्र के लिए यहां पंहुचे थे। टीम के स्टार खिलाड़ी युजवेंद्र चहल, प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह सहित 11 सदस्य कड़ी ट्रेनिंग में भाग लिया। धर्मशाला स्टेडियम में स्टार क्रिकेटरों को देखने के लिए प्रशंसक भी पहुंच रहे हैं।

उधर, एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि धर्मशाला में खेले जाने वाले तीन मैचों से यहां के पर्यटन को नए पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाड़ी पांच दिवसीय अभ्यास के बाद शुक्रवार को रवाना हो जायेंगे।

## गोल्फर अमनदीप द्राल हीरो डब्ल्यूपीजीटी में वाणी कपूर के साथ शीर्ष पर पहुंचीं

एजेंसी

**गुरुग्राम।** गोल्फर अमनदीप द्राल हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर (हीरो डब्ल्यूपीजीटी) में वाणी कपूर के साथ शीर्ष पर पहुंच गयी हैं। क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे हीरो डब्ल्यूपीजीटी के पांचवें चरण के दूसरे दौर में उन्होंने 2-ओवर 74 का स्कोर किया और 36 होल के बाद 1-ओवर 145 के कुल स्कोर के साथ वाणी के साथ शीर्ष पर हैं।

पहले दौर की लीडर रहीं वाणी कपूर ने दूसरे दौर में 3-ओवर 75 का कार्ड खेला और अमंदीप के साथ संयुक्त रूप से टॉप पह बनी हुई हैं। इस जोड़ी से केवल एक शॉट पीछे तीसरे स्थान पर रिया झा हैं, जिन्होंने पहले नौ होल में दो बर्डी और बाद के नौ होल में दो बोगी के साथ ईवन पार 72 का स्कोर बनाया।अमनदीप ने इस दौर में एकमात्र बर्डी 14वें होल पर बनायी, लेकिन तीन बोगी कर बैठीं। वहीं, उनकी साथी खिलाड़ी वाणी कपूर ने पहले होल में बर्डी के साथ अच्छी शुरूआत की, लेकिन बाद में चार बोगी कर बैठीं।

## माप-तौल विभाग से लाइसेंस नवीनीकरण कैंप लगाने की अपील



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव बबलू वर्मा ने माप-तौल विभाग से अनुरोध किया है कि व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लाइसेंस नवीनीकरण के लिए एक विशेष कैंप लगाया जाये। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को अपने माप-तौल उपकरणों के लाइसेंस नवीनीकरण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विभागीय प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाने के लिए एक कैंप आयोजित किया जाना चाहिए, जिससे व्यापारी समय पर अपने दस्तावेज नवीनीकरण करवा सकें। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यह भी अपील की कि विभाग इस प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाये, जिससे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों से बचाया जा सके। माप तोल ऑफिस सप्ता मे दो दिन ही खुलता है मंगलवार एवं शनिवार को जो कि दोनों ही दिन गुमला बाजार रहता है।

## लायंस क्लब का नेत्र जांच शिविर 9 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला द्वारा निशुल्क आंखों की जांच शिविर आगामी 9 मार्च 2025 दिन रविवार को लायंस क्लब में आयोजन किया गया है। समस्त नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि अपनी आंखों की जांच लायंस क्लब में आकर करवा ले और जिनका भी मोतियाबिंद होगा उसका ऑपरेशन 23 मार्च 2025 दिन रविवार को किया जाएगा। यह जांच रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र सर्जन के द्वारा किया जायेगा। यह बिल्कुल ही निशुल्क है' यह जानकारी लायंस क्लब के सचिव अशोक जायसवाल ने दी।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**झरिया (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला चौहान बस्ती के समीप खाली पड़े एक भूखंड पर निर्माण हो रहे दीवार के पिलर क्षतिग्रस्त करने को लेकर गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। लोगों की भीड़ के कारण झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग कुछ समय के लिए जाम हो गया। उक्त जमीन पर दशरथ यादव और परशुराम चौहान सहित अन्य कई लोग अपनी दावेदारी कर रहे हैं। बीते एक मार्च को भी उक्त भूखंड पर कब्जा को लेकर दो पक्ष में मारपीट हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने दशरथ यादव एवं परशुराम चौहान को झरिया थाना बुलाकर अपना कागजात दिखाने को कहा। हालांकि पुलिस के पहुंचने के पहले दर्जनों लोग लाठी-डंडा लेकर आमने सामने खड़े थे। दोनों ओर से बहस चल रही थी, जिसे पुलिस ने शांत कराया।

# दरीदा की विवादित बाउंड्री के भीतर की जमीन की मापी शुरू

## विधायक सरयू राय ने 2024 में विस में उठाया था उक्त सरकारी जमीन का मुद्दा

सांसद ढुल्लू महतो पर 16.50 एकड़ सरकारी-रैयती जमीन हड़पने का लगा है आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बाघमारा सीओ बाल किशुन महतो की मौजूदगी में गुरुवार को सिंदुआटांड़ गांव के समीप दरीदा मौजा में स्थित विवादित बाउंडी के भीतर की जमीन की मापी शुरू हुई है। सीओ ने बताया कि मापी कर विवादित बाउंड्री के अंदर की स्थित सरकारी जमीन को चिन्हित किया जाएगा। मापी के बाद जमीन को चिन्हित कर वहां सरकारी बोर्ड लगाया जाएगा, ताकि सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री ना हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि विधायक सरयू राय ने विधानसभा सत्र में विवादित बाउंड्री का मामला उठाया था। जिसके आलोक में सरकार के निर्देश पर विवादित बाउंड्री जमीन की मापी और जांच शुरू की गयी है। बतातें चलें कि विधायक सरयू राय ने 22 अप्रैल 2024 को बरोरा थाना क्षेत्र स्थित उक्त विवादिक बाउंड्री का दौरा किया था। इस दौरान दर्जनों स्थानीय रैयतों ने सरयू राय को लिखिक आवेदन देकर बाघमारा के तत्कालिन विधायक सह धनबाद के वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो पर जबरन सरकारी और रैयती जमीन पर कब्जा कर बाउंड्री करने का आरोप लगाया था। हालांकि सीओ ने उक्त आरोपों के संबंध में कुछ भी बोलने से साफ मना कर दिया। पता चला है कि विवादित बाउंड्री के अंदर लगभग 16.50 एकड़ सरकारी जमीन है।


विवादित बाउंड्री के भीतर की जमीन की मापी करते अधिकारी।

## आइआइटी-आइएसएम के छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, हॉस्टल के शौचालय से शव बरामद

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आइआइटी-आइएसएम में पढ़ रहे बीटेक के तृतीय वर्ष (2022-23) के छात्र की संदिग्ध परि्सथिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान तन्मय प्रजापति के रूप में हुई है। वह मध्यप्रदेश के इंदौर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार इस दिन हॉस्टल के शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद था। हालांकि खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो सका था कि तन्मन की मौत आत्महत्या है या साजिश।



डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि सूचना मिली थी कि आइआइटी आइएसएम में एक छात्र का शव शौचालय में मिला है। इसी संबंध में जांच के लिए धनबाद पुलिस की टीम यहां पहुंची है। आशंका जताई जा रही है कि छात्र ने किसी प्रकार की दवा का सेवन किया था, जिस कारण उसकी मौत हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी जानकारी मिल पाएगी। उन्होंने बताया कि छात्र के परिजनों को सूचना दे दी गई है। दूसरी ओर प्राथमिक पड़ताल में यह भी पता चला है कि तन्मय मानसिक रूप से परेशान रह रहा था। पिछले कुछ दिनों से उसकी निरंतर काउंसलिंग चल रही थी।

## पल्स डायग्नोस्टिक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की छापामारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अवैध तरीके से लिंग जांच एवं अन्य अनियमितताओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सघन छापामारी अभियान जारी रहा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की




पीसी एंड पीएनडीटी टीम ने सरायढेला थाना अंतर्गत स्टील गेट स्थित पल्स डायग्नोस्टिक में औचक छापामारी कर जांच किया। जहां अल्ट्रा स्कैन सेंटर का निरीक्षण किया।

# मधुलिका और श्याम स्वीट्स कारखाना में निगम का छापा

## वसूला गया 60 हजार रुपये का जुर्माना

- राइजिंग पाइप से अवैध कनेक्शन लेकर चल रही थी फैक्ट्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने मेमको मोड़ स्थित मधुलिका कारखाना में छापामारी की। यहां पानी का अवैध कनेक्शन मिला। राइजिंग पाइप से कनेक्शन लेकर मिठाई का कारखाना चलाया जा रहा था। इसी से फायर फाइटिंग सिस्टम का कनेक्शन भी जुड़ा था। इस दौरान संचालक पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। साथ ही फैक्ट्री संचालक को कागजात के साथ नगर निगम बुलाया गया है। अभियान का नेतृत्व कर रहे फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मधुलिका कारखाना में अवैध कनेक्शन का मामला पकड़ा गया है। जांच के दौरान 2019 में एक डोमेस्टिक कनेक्शन का पेपर दिखाया गया। जबकि यहां डोमेस्टिक कनेक्शन के नाम पर कॉमर्शियल उपयोग किया जा रहा था। राइजिंग पाइप से कनेक्शन जोड़ा गया है, जो पूरी तरह गलत है। राइजिंग पाइप से सीधे किसी भी संस्था को कनेक्शन नहीं दिया जा सकता है। मधुलिका कारखाना में राइजिंग पाइप से ही कनेक्शन जोड़ा गया था, जिसे जेसीबी लगाकर कनेक्शन काट दिया गया है। संचालक को कागजात के साथ बुलाया गया है। डोमेस्टिक कनेक्शन में कॉमर्शियल उपयोग मामले में जुर्माना के साथ ही पांच साल का बकाया टैक्स वसूला जायेगा।



### स्टैंड पोस्ट से पाइप जोड़कर श्यामा स्वीट्स का चल रहा था कारखाना

छापामारी के दौरान मेमको मोड़ में भी अवैध कनेक्शन मिला है। फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि यहां स्टैंड पोस्ट से पाइप जोड़कर कई दुकानें चल रही थी। इसी से मिठाई का कारखाना भी चल रहा था। यहां भी राइजिंग पाइप से जोड़कर स्टैंड पोस्ट का कनेक्शन दिया गया है। जिससे पाइप जोड़कर श्यामा स्वीट्स के कारखाना में पानी जा रहा था। पाइप को जब्त कर लिया गया है। लगे हाथ श्याम स्वीट्स से मौके पर ही 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्टैंड पोस्ट से और भी अवैध कनेक्शन है। इसकी जांच चल रही है। श्याम स्वीट्स को भी कागजात के साथ नगर निगम बुलाया गया है।

## 20 सूत्री मांगों पर बनी सहमति



इनमौसा के सदस्यों ने ढ़ोरी खास प्रबंधक के साथ किया एजेंडा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** सीसीएल के खास ढ़ोरी परियोजना के इंडियन नेशनल माइन ऑफिशियल एवं सुपरवाइजरी स्टॉप एसोसिएशन (इनमोसा) की एजेंडा बैठक गुरुवार को खास ढ़ोरी परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता इनमोसा की ओर से ढोरी खास के अध्यक्ष हीरालाल रविदास और प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी रंजीत कुमार ने की। इनमोसा के सदस्यों ने पूर्व में दिए अपने 20 सूत्री मांगों पर क्रमबद्ध वार्ता की। मैंन पावर आवंटन की प्रति पाली प्रभारी को देने, माइनिंग स्टाफों को सैप सौफ्टवेयर के अनुसार एमआईआर के स्थान पर किये जा रेह डी/आर रीडकिया में सुधारा की मांग की गयी। इसके अलावा प्रत्येक पाली में ट्रींबर मिस्त्री औजारयुक्त नियुक्त करने, रविवार को आइडियल डे के रूप में खदानों का संपूर्ण निरीक्षण कराया जाने, दोनों खदानों में ग्रीन रूफ सपोर्ट की व्यवस्था करने, रूफ बोलटिंग के लिए सीमेंट एवं अनकोर टेस्टिंग मशीन बेस्ट क्वालिटी मंगवाए जाने की भी मांग की गयी। लगे हाथ दोनों भूमिगत खदानों में प्रत्येक एसडीएल एम/सी में एक-एक माईनिंग सरदार नियुक्त करने, बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सब्सिडेंस एवं पंप की निरीक्षण के लिए माइनिंग स्टाफ नियुक्त करने, नेशनल सेफ्टी कॉन्फ्रेंस 11 और 12 की परामर्श को ढोरी खास कोलियरी में सुचारू रूप से लागू करवाने, माईनिंग स्टाफ के लिए अलग से एक-एक रूम बनवाने और पोर्टेबल मेगजिन को अविलंब चालू करवाने आदि की भी मांग को लेकर चर्चा की गयी। इस अवसर पर हीरालाल रविदास ने कहा कि इनमोसा के सभी सदस्य सुरक्षा के साथ उत्पादन में कदम से कदम मिला कर चलते आ रहे है। इसके बावजूद उनके साथ हमेशा दोहरी नीति आपनायी जाती है। लगभग दो साल पहले 15 सूत्री मांग पत्र दिया गया था, पर समस्याएं घटने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है। वहीं, पीओ ने कहा कि इनमोसा के सदस्यों की मांगों पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। क्योंकि उनकी वजह से ही कोयला उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि अभी उत्पादन का महीना चल रहा है। कोयला देश की जरूरत है, इसके सुरक्षित उत्पादन में अपना सहयोग दें। इस मौके पर खान प्रबंधक मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर अभिषेक कुमार, कार्मिक प्रबंधक सीताराम यूईके, फाइनेंस मैनेजर संदीप झा, असिस्टेंट मैनेजर मयंक सिंह, डॉक्टर बी सतीश, इनमोसा के सदस्यों में क्षेत्रीय अध्यक्ष तुलसी प्रसाद महतो, कुमार नीरज, एस नोनिया, पंकज कुमार, भोलानाथ सिंह, मयंक कुमार, श्याम पद बावड़ी, बसंत कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, पवन कुमार रजक और नारायण महतो आदि मौजूद थे।

## रूई तैयार करने वाले कारखाने में लगी भीषण आग

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बरवाअड्डा के निरंकारी चौक स्थित कपड़ों के कतरन से रूई तैयार करने वाले कारखाने में गुरुवार को अचानक भीषण आग लग गयी। कारखाने में ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धार1ण कर लिया। जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। फैक्ट्री संचालक कुलदीप सिंह ने बताया कि आग लगने से करीब 3.5 लाख रुपये मूल्य की रूई जलकर आग लग गयी। हालांकि आग लगने के सटिक कारणों का पता नहीं चल पाया है। पर आशंका जताई जा रही है कि बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। फैक्ट्री संचालक की मानें तो साल 2024 में भी उक्त फैक्ट्री में आग लगने की घटना हुई थी। दूसरी ओर फैक्ट्री की धुंए का गुब्बार और आग की उठती लपटें देख तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी गयी। हालांकि दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था। इसके बाद दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग पर पूरी तरह के काबू पा लिया।



# यूट्यूब से सीखी ठगी साइबर ठग गिरफ्तार

## रिश्तेदार बनकर लोगों को बनाता था शिकार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा ताना क्षेत्र से पुलिस ने साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान रियाजुल हक अंसारी के रूप में हुई है। एसएसपी के निर्देश पर साइबर डीएसपी के नेतृत्व में गठित छापामारी टीम ने जामा डोबा में छापामारी कर उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाईल फोन के अलावा दो सिम भी बरामद किया गया। साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि प्रतिबिंब प्लाटेड नंबर के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई जिसमें आरोपित पकड़ा गया। उसके पास से वही प्लाटेड नंबर लगा मोबाईल भी बरामद हुआ। उसके पास से बरामद सिम में बिहार से दो और महाराष्ट्र से एक ऑनलाइन साइबर कम्प्लेन दर्ज पाया गया है। पता चला है कि वह रिश्तेदार बनकर लोगों को अपना शिकार बनाता था।

## यूबीआइ ने शुरू किया मेगा एमएसएमइ आउटरीच अभियान

# 25 करोड़ के ऋण किये स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्र सरकार के विकसित भारत की दृष्टिकोण के अनुरूप, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआइ) ने गुरुवार से देशव्यापी मेगा एमएसएमई आउटरीच अभियान की शुरूआत की। जिसका उद्घाटन धनबाद के पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह ने निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, धनबाद रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमरेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता उदय प्रताप सिंह, यूबीआइ धनबाद इकाई के क्षेत्र प्रमुख दीपमाला लकड़ा की उपस्थिति में किया। इस अभियान के अंतर्गत बैंक के उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाले एमएसएमई उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें एमएसएमई सुपरफास्ट, युवाशक्ति, यूनियन नारीशक्ति एवं अन्य योजनाएँ शामिल हैं। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और वित्तीय समावेशन पहलों की भी जानकारी दी गई। इस आयोजन में 400 से अधिक उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजीएस) एवं अन्य संगठनों ने भाग लिया। इस दौरान बैंक की ओर से कुल 25 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। जिससे राज्य के विकास लक्ष्यों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। वक्ताओं ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, धनबाद क्षेत्र के सभी छोटे एवं मध्यम उद्यमियों को निरंतर समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अभियान के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर धनबाद क्षेत्रीय कार्यालय से उप क्षेत्र प्रमुख उमेश चंद्र, मुख्य प्रबंधक आनंद कुमार, मुख्य शाखा प्रबंधक धनबाद शाखा सोनल गौतम, शाखा प्रबंधक डीजीएमएस शाखा अरविंद कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक लुबी सर्कुलर रोड शाखा अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।




कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला– लातेहार
विज्ञापन संख्या– 21/2024–25

संविदा अधारित नियुक्ति

लातेहार नगर पंचायत अन्तर्गत चटनाही में निर्मित विद्युत शवदाह गृह (Electric Cremation House) के संचालन एवं रख–रखाव हेतु लातेहार नगर पंचायत में संविदा के आधार पर संचालक सह रात्री प्रहरी के नियोजन हेतु निम्नवत् रूप से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्रमांक | पदनाम | कुल पद | एकमुश्त मानदेय राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | संचालक सह रात्री प्रहरी | 01 (एक) | 11596/- (ग्यारह हजार पॉच सौ छीयान्वे रूपये प्रतिमाह) |

संविदा शर्त्तो के आधार पर उपर्युक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदक अपना आवेदन स्वयं तैयार करते हुये अपना बायोडाटा, जन्म प्रमाण–पत्र, सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र (यदि कोई हो), अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, संबंधित आवेदक के स्वस्थ्य होने का चिकित्सिय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण–पत्र, चरीत्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ एवं Self Addressed Envelope with postage Stamp के साथ आवेदन दिनांक 28.03.2025 के 05:00 बजे तक नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय को निबंधित डाक द्वारा समर्पित कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पर कार्यालय द्वारा विचार नही किया जायेगा।

नियोजन/नियुक्ति से संबंधी अहर्त्ता एवं शर्त्त निम्नलिखित है :–

1. संबंधित पद के लिये आवश्यकतानुसार प्राप्त आवेदन पत्रों को अनुभव के आधार पर Short Listing की जा सकती है। तदोपरांत योग्य आवेदक को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
2. आमंत्रित आवेदकों का चयन गठित साक्षात्कार चयन समिति के द्वारा किया जायेगा।
3. यह संविदा आधारित नियोजन 11 माह के लिए की जायगी। भाविश्य में आवश्यकतानुसार दक्षता एवं कार्य क्षमता पर सेवा विस्तारित भी की जा सकती है। संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति के उपरान्त पूर्व से कार्यरत अनुबंध कर्मी की सेवा स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
4. संविदा/मानेदय के आधार पर नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे और सरकारी सेवक के अनुमान्य किसी भी प्रकार के सुविधा के लिए हकदार नहीं होंगे। साथ ही संविदा/मानेदय के आधार पर नियोजन के बाद सरकारी सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
6. नियोजन के पूर्व नियमानुसार आवेदक को अपना अद्यतन स्वास्थ प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराना होगा जो सक्षम स्तर से निर्गत हो। यदि समय की समाप्ति के पूर्व उसका विस्तार नहीं किया जाता है तो ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
8. इस प्रकार के नियोजन संविदा अवधि समाप्ति के पूर्व उभय पक्षों द्वारा सूचना देकर ही एक माह की संविदा राशि एकमुश्त भुगतान कर समाप्त की जा सकती है। इसके लिए उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. संबंधित पद के लिये 40 वर्ष तक की आयु वाले आवेदक ही आवेदन समर्पित कर सकेगें। संबंधित पद के लिये पूर्व में किये गये कार्य वाले आवेदक को अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जा सकती है।
10. संबंधित पद के लिये संविदा आधारित नियुक्ति में स्थानीय आवेदक को प्राथमीकता दी जायेगी।
11. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ 500.00 (पॉच सौ) रू0 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. बिना कारण बताये नियोजन की स्वीकृति/रद्ध करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।जिन्हे कही चुनौती नही दी जायेगी।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 347951 Urban Development(24-25)D



JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi–834002.
OFFICE OF THE
GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-VII, DHANBAD
Bijli Colony, Hirapur, Dist: - Dhanbad, Pin: - 826001 Email: gmtz7dhanbad@gmail.com, website:www.jusnl.in

Short E-TENDER NOTICE

E-tenders in two parts i.e. Technical Part (Part-I) and Price Part (Part-II) is invited from reputed, experienced and financially sound agencies/ firms for the following work:-

| S/N | NIT No. | Description of work | Tender Fee (non-refundable) | Earnest Money Deposit |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 500/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out patrolling, routine/breakdown /schedule maintenance of 220 KV D/C Govindpur-Dumka Transmission Line (50.5 Km) under Transmission Sub-Division Govindpur, Dhanbad for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026. | Rs.2950.00 (Rs.2500+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.27,400.00 |
| 2. | 501/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out patrolling, routine/breakdown/ schedule maintenance of 132 KV D/C Chandankyari - Govindpur Transmission Line (67.8 Km) under Transmission Sub-Division Chandankyari, Bokaro for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026. | Rs.5900.00 (Rs.5000+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.32,400.00 |
| 3. | 502/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out patrolling, routine/breakdown/ schedule maintenance of 132 KV D/C Chandankyari - Jainamore Transmission Line (41.7 Km) under Transmission Sub-Division Chandankyari, Bokaro for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026. | Rs.2950.00 (Rs.2500+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.21,200.00 |
| 4. | 503/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out patrolling, routine/breakdown/ schedule maintenance of 220 KV D/C Govindpur-TTPS Transmission Line (90.5 Km) under Transmission Sub-Division Govindpur, Dhanbad for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026. | Rs.5900.00 (Rs.5000+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.41,900.00 |
| 5. | 504/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out preventive/Schedule and breakdown maintenance of 132/33 kV, 2X50 MVA Grid Sub -station, Chandankyari, Bokaro for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026. | Rs.5900.00 (Rs.5000+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.64,600.00 |
| 6. | 505/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out preventive/Schedule and breakdown maintenance of 220/132/33 kV, 2X50 MVA Grid Sub -station, Jainamore, Bokaro for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026. | Rs.5900.00 (Rs.5000+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.63,800.00 |
| 7. | 506/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out preventive/Schedule and breakdown maintenance of 220/132/33 kV, 2X150+2X80 MVA Grid Sub-station, Govindpur, Dhanbad for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026. | Rs.5900.00 (Rs.5000+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.78,800.00 |

| | |
|---|---|
| Availabilty of Tender Documents on e-tender website | 10.03.2025 at 3:00 PM to 24.03.2025 at 3:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 10.03.2025 at 3:00 PM |
| End Date & Time for uploading BID | 24.03.2025 at 3:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 25.03.2025 at 4:00 PM |
| BID Opening date for price Part | Will be communicated |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-VII, Dhanbad, Bijli Colony, Hirapur, Dist: - Dhanbad, Pin: - 826001 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9431049515/7053713709 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
6. JUSNL reserves the right to accept or reject any bid partly or fully or cancel the bidding without assigning any reason thereof and in such case no bidder/intending bidder shall have any claim arising out of such action.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Trans. Zone-VII, Dhanbad

PR.NO.347952 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D

## वेदांता एल्युमीनियम ने पहली बार महिलाओं के साथ लैंगिक विविधता को मजबूत किया

# वर्ष 2030 तक महिलाओं का कार्यबल 30 प्रतिशत लाने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने ओड़िशा के झारसुगुड़ा में अपने परिचालन में एक संपूर्ण स्मेल्टर लाइन को परिवर्तित करके लैंगिक समानता और कार्यस्थल समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम की घोषणा की है, जिसका संचालन और रखरखाव केवल महिला कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा। झारसुगुड़ा स्मेल्टर दुनिया के सबसे बड़े एल्युमीनियम स्मेल्टरों में से एक है। यह अग्रणी पहल कार्यस्थल पर महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए वेदांता एल्युमीनियम की व्यापक प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो विनिर्माण क्षेत्र में विविधता, समानता और समावेशन में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है। एक ऐसा परिदृश्य जो धातु, खनन और भारी इंजीनियरिंग उद्योग के लिए बेहद असामान्य है, जहां वैश्विक स्तर पर लिंग विविधता कम एकल अंकों में रही है। परियोजना को तीन चरणों में क्रियान्वित किया जायेगा, जिसमें विभिन्न स्तरों, विशेषज्ञता और दक्षताओं में 100 से अधिक ड्यूटी पदों की पहचान की जायेगी। इस पहल के महत्व पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी, सुनील गुप्ता ने कहा, हमारा मानना है कि विविधता और समावेशन नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता के प्रमुख चालक हैं। वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, पंकज सुरेका ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में, हम ह्यशक्ति से प्रगतिह्न या सशक्तिकरण के माध्यम से प्रगति के दर्शन में विश्वास करते हैं। वेदांता एल्युमीनियम सभी भूमिकाओं में लिंग-भेद को ध्यान में रखकर एक समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करते हुए कि महिलाएं गलाने, खनन, बिजली उत्पादन, रसद, संपत्ति सुरक्षा और खरीद में विविध जिम्मेदारियां संभालें। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 तक 30% महिला कार्यबल प्रतिनिधित्व हासिल करना है। इसके अतिरिक्त, लिंग-संतुलित भर्ती सुनिश्चित करने के लिए, वेदांता एल्युमीनियम नए पदों के लिए 50% महिलाओं को प्राथमिकता देता है। इनमें प्रोजेक्ट शक्ति शामिल है, जिसने ओड़िशा परिचालन में महिलाओं के लिए रात की शिफ्ट शुरू की, जो राज्य में पहली बार है, और प्रोजेक्ट पंछी, जो वेदांता एल्युमीनियम में उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसरों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके हाशिए के समुदायों की युवा लड़कियों के जीवन को बदल रहा है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# एसटीए के डिप्टी कमिश्नर के नौ ठिकानों पर विजिलेंस का छापा

## प्रदीप महांति के यहां से 10 लाख नगद और जेवरात बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में विजिलेंस विभाग ने राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) कटक के डिप्टी कमिश्नर के नौ ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान 2000 के नोटों की गड्डियां, सोने-चांदी के गहने और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं। टीम ने भुवनेश्वर, कटक, पुरी, खोरधा और नयागढ़ समेत कुल नौ ठिकानों पर छानबीन की। अधिकारियों को शक है कि महांती ने पद का दुरुपयोग कर बेनामी संपत्ति अर्जित की है। भुवनेश्वर के मैत्री विहार स्थित घर से 10 लाख रुपये से अधिक नगद और सोने और चांदी को देखकर अधिकारियों की होश उड़ गया। छापेमारी में दो एडिशनल एसपी, 13 डीएसपी, 12 इंस्पेक्टर, 25 एएसआइ शामिल हैं। भुवनेश्वर के चंद्रशेखरपुर मैत्री बिहार इलाके में एक घर, रघुनाथपुर इलाके में 4 मंजिला फ्लैट, नयागढ़ रणपुर में एक फार्म हाउस, भुवनेश्वर के गोबिंद प्रसाद इलाके में 5 मंजिला निमार्णाधीन घर, खुर्दा टांगी इलाके में एक घर, पुरी में एक रिश्तेदार के घर और कटक कार्यालय पर छापेमारी की जा रही है।

# रेलवे बोर्ड ने की केंद्रीकृत सीबीटी की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेलवे बोर्ड ने विभागीय पदोंनति परीक्षाओं की पारदर्शिता और निष्पक्षता में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाने की आधिकारिक घोषणा की है। आज आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में, रेलवे बोर्ड ने पुष्टि की कि भविष्य की सभी विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) द्वारा कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के माध्यम से केंद्रीय रूप से आयोजित की जायेंगी। यह निर्णय आरआरबी द्वारा आयोजित सफल, पारदर्शी और अत्यधिक प्रशंसित परीक्षाओं के वर्षों के बाद लिया गया है, जिन्होंने निष्पक्षता और पारदर्शिता में एक बेंचमार्क स्थापित किया है।

**आरआरबी पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित करता है:** आरआरबी की परीक्षा प्रक्रिया की अखंडता को कड़ी जांच, परिष्कृत तकनीकी अवसंरचना और गहन ऑडिटिंग के संयोजन के माध्यम से सुनिश्चित किया गया है। परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों का चयन एक खुली निविदा प्रक्रिया का पालन करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि केवल सबसे योग्य और प्रमाणित एजेंसियों को ही इन महत्वपूर्ण परीक्षाओं के आयोजन का काम सौंपा जाये। कठोर परीक्षा केंद्र ऑडिटिंग: रेलवे अधिकारी सभी परीक्षा केंद्रों का व्यापक ऑडिट करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी सुविधाएँ मानक के अनुरूप हैं। निष्पक्षता को और अधिक बनाये रखने के लिए, दो उम्मीदवारों को प्रश्नों का एक ही क्रम नहीं मिलता है, और प्रत्येक प्रश्न के उत्तर विकल्प यादृच्छिक होते हैं। निगरानी की कई परतें: परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी तीन-स्तरीय निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है: रेलवे अधिकारी और पर्यवेक्षक, परीक्षा संचालन एजेंसी (इसीए) टीम, और रेलवे सतर्कता टीम द्वारा औचक निरीक्षण। यह बहु-स्तरीय दृष्टिकोण कठोर निगरानी सुनिश्चित करता है और किसी भी तरह की गड़बड़ी के प्रयासों का तेजी से पता लगाता है। पात्रता सत्यापन और आवेदन की सत्यनिष्ठा: आवेदन प्रक्रिया को मजबूत धोखाधड़ी रोकथाम तंत्र के साथ डिजाइन किया गया है, जिसमें नकली आवेदनों का पता लगाने के लिए क्यूआर कोड और उम्मीदवारों की प्रामाणिकता की पुष्टि करने के लिए एडमिट कार्ड पर बारकोड शामिल हैं। विभागीय पदोन्नति के लिए सीबीटी के लिए यह केंद्रीकृत दृष्टिकोण न केवल भर्ती प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाने और सुव्यवस्थित करने के लिए रेलवे बोर्ड के चल रहे प्रयासों को दशार्ता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को निष्पक्षता या पारदर्शिता के बारे में किसी भी चिंता के बिना योग्यता के आधार पर पदोन्नत किया जाए।

# आइएमएस और सम अस्पताल ने पार्किंसंस की पहली डीप ब्रेन स्टिमुलेशन सर्जरी की



**भुवनेश्वर।** यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के चिकित्सा संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और एसयूएम अस्पताल, पार्किंसंस रोग के इलाज के लिए डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) सर्जरी सफलतापूर्वक करने वाला ओड़िशा का पहला अस्पताल बन गया है। देश के प्रख्यात न्यूरो सर्जनों में से एक और एसओए के प्रधान सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान) प्रो डॉ अशोक कुमार महापात्रा ने कहा कि पार्किंसंस रोग (पीडी) के कुछ पहलुओं के इलाज के लिए एक शक्तिशाली उन्नत सर्जिकल थेरेपी के रूप में माना जाता है, यह ज्यादातर पार्किंसंस रोग के आंदोलन के लक्षणों को संबोधित करता है और नींद और दर्द सहित कुछ गैर-मोटर लक्षणों में सुधार करता है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि हालांकि डीबीएस रोग की प्रगति को ठीक नहीं करेगा, लेकिन यह उन्नत पीडी रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा। प्रो डॉ महापात्रा ने कहा कि डीबीएस अपेक्षाकृत सुरक्षित सर्जरी है और सर्जरी के दौरान मरीज ज्यादातर समय होश में रहता है। उन्होंने कहा कि पहले इस स्थिति का इलाज केवल दवाओं से किया जाता था, लेकिन अब सर्जरी के जरिए इसे ठीक किया जा सकता है। हाल ही में अस्पताल में 36 वर्षीय महिला पर यह अनोखी सर्जरी की गयी, जो पीडी से पीड़ित थी। चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ पुष्पराज सामंतसिंहर ने कहा कि यह सर्जरी ओड़िशा में पहली बार आइएमएस और एसयूएम अस्पताल में की गयी है। न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख प्रो सौभाग्य पाणिग्रही ने कहा कि सर्जरी में सात से आठ घंटे लगे। न्यूरो मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर प्रो डॉ लुलुप कुमार साहू, जिन्होंने मरीज का इलाज किया, और कहा कि बीमारी के शुरूआती चार से पांच साल तक दवा से मरीज को अक्सर अच्छा महसूस होता है। पार्किंसंस एक न्यूरो डिजनरेटिव बीमारी है और एक मूवमेंट डिसऑर्डर है, जिसमें शरीर धीमा हो जाता है। यह डोपामाइन उत्पादन के लिए आवश्यक मस्तिष्क कोशिकाओं के नुकसान के कारण होता है। यह आमतौर पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग रोगियों में होता है, प्रो डॉ पाणिग्रही ने कहा। प्रो डॉ साहू ने कहा कि यह बीमारी अब युवा व्यक्तियों में भी पाई जा रही है। समय, पीडी का सटीक कारण अज्ञात होता है, लेकिन कुछ युवा रोगियों में आनुवंशिक कारण होते हैं, उन्होंने कहा। प्रो डॉ साहू ने कहा कि इस बीमारी की विशेषता आंदोलन से संबंधित लक्षण हैं जैसे चलने में धीमापन, लिखने में कठिनाई, आवाज का धीमा होना, हाथ और पैर का कंपन, शरीर के अंगों में अकड़न और कभी-कभी आसन असंतुलन।

# बहु-विशिष्ट मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** तालचेर सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, तालचेर थर्मल ने आशालोक अस्पताल और मणिपाल अस्पताल, भुवनेश्वर के सहयोग से गुरुजांगुली ग्राम पंचायत में एक बहु-विशिष्ट मेगा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था, जिससे वे विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श और आवश्यक दवाओं तक आसानी से पहुंच सकें। इस स्वास्थ्य शिविर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 400 से अधिक मरीजों को विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं जैसे सामान्य चिकित्सा, हड्डी रोग, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और शिशु रोग के अंतर्गत लाभ मिला। इस अवसर पर, विजय चंद कार्यकारी निदेशक एवं प्रमुख परियोजना (एचओपी) तालचेर थर्मल ने कहा कि तालचेर थर्मल में, हम मानते हैं कि अच्छा स्वास्थ्य एक समृद्ध समाज की नींव है। यह स्वास्थ्य शिविर हमारी उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसके तहत हम जरूरतमंदों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। हम अपने साझेदारों, आशालोक अस्पताल और मणिपाल अस्पताल, भुवनेश्वर के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनके सहयोग से यह पहल सफल हो पाई। वर्ष 2025 में अब तक हमारे स्वास्थ्य शिविरों से 1,500 से अधिक मरीजों को लाभ मिला है, और हम अपनी पहुंच को और विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पटाखा कारखाने में विस्फोट, चार की हालत गंभीर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जाजपुर थाना बासुदेबपुर के जालपुर गांव में एक अवैध पटाखे बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। इस धमाके में चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। चार में से दो वयस्क और दो नाबालिग बताये गये हैं। उनमें से दो की हालत गंभीर है और उन्हें जाजपुर मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि पितिबास पति के घर पर अवैध रूप से पटाखे बनाया जा रहा था। पटाखों की आवाज सुनकर पास में एक घर बना रहे दो मजदूर भी छत से गिर गये और उन्हें गंभीर हालत में जाजपुर मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया ।










































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**